राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार 07 –नवम्बर–2023 वर्ष–6,अंक–287 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## एल्विश यादव के सांपों वाले केस में नोएडा के कई पुलिसवालों पर लटकी तलवार

**नोएडा।** बिग बॉस ओटीटी-2 विजेता एल्विश यादव के खिलाफ केस दर्ज होने और मामले के तूल पकड़ने के बाद नोएडा सेक्टर-49 थाना प्रभारी संदीप चौधरी को रविवार शाम को लाइन हाजिर कर दिया गया। इस मामले में कई अन्य पुलिसकर्मियों पर भी जल्द गाज गिरने की आशंका है। एल्विश पर रेव पार्टी आयोजित करने, उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने और विदेशी लड़कियां उपलब्ध कराने के के आरोप में केस दर्ज हुआ था। एक दिन पूर्व एल्विश यादव को राजस्थान में पुलिस ने पकड़ने के बाद नोएडा पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन नोएडा पुलिस ने तब उसके मामले में जांच होने की बात कहते हुए उसे वॉन्टेड मानने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एल्विश को राजस्थान पुलिस ने छोड़ दिया था और यह मामला भी खासा सुर्खियों में रहा। इसके बाद से ही इस प्रकरण में पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही थी। अपर पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था आनन्द कुलकर्णी का कहना है कि लाइन हाजिर की कार्रवाई क्षेत्र में अपराध पर अंकुश न लगा पाने और विवेचना में लापरवाही बरतने के मामले में हुई है। चर्चित यूट्यूबर एल्विश और जेल भेजे गए आरोपी राहुल के बीच का कनेक्शन जोड़ने में नोएडा पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। मामला हाईप्रोफाइल हो जाने के बाद पुलिस संभल-संभल कर कदम आगे बढ़ा रही है। पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) सदस्य के दावे भर से एल्विश के खिलाफ केस तो दर्ज कर लिया गया पर अभी तक की जांच में यूट्यूबर का मामले से सीधा संबंध निकल कर सामने नहीं आया है। नोएडा पुलिस का कहना है कि उसने अभी तक न तो एल्विश को क्लीनचिट दी है और न ही उसे आरोपी माना है।

**तीसरे दिन भी गरमाया मुद्दा**

एल्विश पर केस दर्ज होने के तीसरे दिन भी यूट्यूबर के समर्थन और विरोध में हजारों लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। सोशल मीडिया पर एल्विश के समर्थन में यूजर ने लिखा कि अगर यूट्यूबर दोषी होता तो खुद वीडियो जारी नहीं करता। विरोध में यूजर ने लिखा कि एल्विश का पुराना वीडियो और पोस्ट देखकर ही समझ जाना चाहिए कि वह मामले से जुड़ा है

# हम आते ही बंद कर देंगे लाड़ली बहना योजना, कमलनाथ के वीडियो की क्या है सच्चाई

### नारी सम्मान का लाभ उन्हें ही मिलेगा, जिनका नाम भाजपा की लाड़ली बहना योजना में नहीं होगा। यह हमारा वचन है। यह कमलनाथ का वचन है।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिनों का समय बाकी है। वादों-दावों का दौर जारी है और इस बार भी महामुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही देखने को मिल रहा है। इसी बीच एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस दिग्गज राज्य की चर्चित लाड़ली बहना योजना बंद करने का दावा करते नजर आ रहे हैं।

**वीडियो में क्या**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Facebook पर 'Mera Madhya Pradesh' नाम की प्रोफाइल से कुछ दिनों पहले यह वीडियो अपलोड किया गया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि कमलनाथ एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। वायरल वीडियो करीब 25 सेकंड लंबा है।



उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, हमारी कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो हम सबसे पहले लाड़ली बहना योजना बंद करेंगे। जिन बहनों को पैसे मिल चुके हैं, उनके नाम काट देंगे। और नए नाम जोड़ेंगे। नारी सम्मान का लाभ उन्हें ही मिलेगा, जिनका नाम भाजपा की लाड़ली बहना योजना में नहीं होगा। यह हमारा वचन है। यह कमलनाथ का वचन है।

**क्या है सच्चाई**

फैक्ट चेक वेबसाइट बूमलाइव समेत कई चेकर्स की तरफ से वायरल वीडियो की जांच की गई, जिसमें दावा झूठा निकला है। चेक रिपोर्ट के अनुसार, जांच में पता चला है कि वीडियो में अलग से ऑडियो शामिल किया गया है। जबकि, असली वीडियो 26 अक्टूबर का है और मध्य प्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से 'X' पर पोस्ट किया जा चुका है।

कांग्रेस की पोस्ट के अनुसार, यह वीडियो छिंदवाड़ा में कमलनाथ की जनसभा का है। खास बात है कि दिग्गज नेता छिंदवाड़ा से ही चुनावी मैदान में हैं। साथ ही उन्हें कांग्रेस का मुख्य सीएम चेहरा भी माना जा रहा है।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार में शुरू हुई इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते थे। बाद में इस राशि को सरकार ने बढ़ाकर 1250 रुपये कर दिया था। योजना के आधिकारिक पोर्टल के अनुसार, अब तक 1 करोड़ 25 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें कल पात्र आवेदकों की संख्या 1 करोड़ 25 लाख 5 हजार 947 है।

## केजरीवाल ने दिवाली बोनस का कर दिया ऐलान, किन्हें और कितना मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान हो गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के ग्रुप बी और सी के कर्मचारियों को यह बोनस दिया जाएगा। दिवाली की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने बोनस ऐलान करते हुए कर्मचारियों की तारीफ भी की। दिल्ली सरकार में काम करने वाले कर्मचारियों को अपना परिवार बताते हुए दिल्ली में अच्छे कामकाज को लेकर उन्हें श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए एक खुशखबरी लेकर आया हूं। दिल्ली सरकार ने पिछले 8 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक सर्विसेज आदि में जितने काम किए हैं, उसमें सबसे



महत्वपूर्ण भूमिका दिल्ली सरकार के कर्मचारियों ने निभाई है। इन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और काम की बदौलत हम दिल्ली को दिल्ली के लोगों के सपनों का शहर बनाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्योहारों का महीना है। त्योहारों के मौसम में हम ग्रुप-बी और ग्रुप से कर्मचारियों को 7-7 हजार बोनस देने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, इस समय ग्रुप-बी और सी के 80 हजार कर्मचारी हैं। बोसन देने में 56 करोड़ का खर्च आएगा। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों की जिंदगी को बेहतर बनाने का हमेशा प्रयास किया है और यह जारी रहेगा।

## 21 लाख दीपों से जगमग होगी अवधपुरी फिर बनेगा रिकार्ड

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में श्रीअयोध्या में मनाये जाने वाले दीपोत्सव में एक बार फिर विश्व कीर्तिमान बनाने की तैयारी है। अवधपुरी को 21 लाख दीपों से जगमग करने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या दीपोत्सव का कार्यक्रम अपनी भव्यता के लिए पूरी दुनिया में अब पहचाना जाने लगा है। ऐसे में समारोह की गरिमा का पूरा ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी तैयारियां समय से पूरा करने के प्रयास हो रहे हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ हुई एक प्रदेश स्तरीय बैठक में इस बावत अपनी मंशा साफ कर दी। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा है कि दीपोत्सव, उल्लास का अवसर है और इस दौरान आमजन की भावनाओं का ध्यान रखना पुलिस का नैतिक कर्तव्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। हालांकि, सीएम योगी के ये शब्द बड़े ही सलीके वाले हैं, लेकिन इसका संदेश उतना ही कड़ा है।

ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष दीपोत्सव एक नवीन कीर्तिमान बना रहा है। इस वर्ष 21 लाख दीपों से अवधपुरी जगमग करने की



तैयारी है। इसके लिए दीप, तेल, बाती, स्थान, स्वयंसेवकों आदि की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है।

**सनातन परम्परा का अभिन्न हिस्सा है दीपोत्सव**

दीपोत्सव, सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। यह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता और भैया लक्ष्मण के 14 वर्ष के वन प्रवास के उपरांत अयोध्या लौटने की पावन स्मृति स्वरूप है। अयोध्या दीपोत्सव में भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी, भरत मिलाप, श्रीराम राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का प्रतीकात्मक चित्रण भी होगा। सरयू मइया की आरती भी उतारी जाएगी। इतना ही नहीं, चार देशों और 24 प्रदेशों की रामलीलाओं का मंचन इस क्षण को उल्लसित करेगा। इस आयोजन पर पूरी दुनिया की दृष्टि भी है।

**सजेगी अयोध्या, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

दीपोत्सव की भव्यता निहारने बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन की सहभागिता होगी। मुख्य समारोह के अतिरिक्त अयोध्या नगर के सभी धार्मिक स्थलों, मठ-मंदिरों की सजावट भी होगी। ऐसे में यहाँ न सिर्फ भगवान के भक्तों बल्कि विदेशी पर्यटकों का जमवाड़ा भी होगा। क्षेत्रीय जनमानस के आने से यहाँ की भीड़ को नियंत्रित करना और उन्हें अनुशासित रखना भी चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने का कार्य भी शुरु हो चुका है।

## दौसा में बस के पुल से रेलवे ट्रैक पर गिरने से चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा में रविवार देर रात एक यात्री बस पुल से रेलवे ट्रैक पर गिर गई, जिससे दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए वहीं रेलमार्ग भी बाधित हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर मंडल के बांदीकुई-जयपुर रेलखंड के भांकरी-दौसा रेलखंड के मध्य दौसा कलेक्ट्रेट के पास ओवरब्रिज पर देर रात लगभग ढाई बजे बस अनियंत्रित होकर पुल की रैलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर जा गिरी । हादसे में चार लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को जयपुर रैफर किया गया।

हादसे के कारण जयपुर -दिल्ली रेल मार्ग बाधित हुआ। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इससे रेलमार्ग का अप एवं डाउन ट्रैक बाधित हुए। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर जयपुर से दुर्घटना राहत गाड़ी रवाना की गई। रेल प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटे । रोड क्रेन की मदद से प्रातः 04.45 बजे यात्री बस को हटाया तथा रेलवे ट्रैक को क्लियर किया।



उन्होंने बताया कि सुबह 05.05 बजे रेलवे ट्रैक को रेल संचालन के खोल दिया गया। उन्होंने बताया इस कारण गाड़ी संख्या 12957 , अहमदाबाद-नई दिल्ली रेलसेवा एवं गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती रेल सेवा प्रभावित हुई।

## अयोग्य घोषित हो सकती हैं महुआ मोइत्रा, बड़े ऐक्शन की तैयारी में एथिक्स कमेटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा की आचार समिति या एथिक्स कमेटी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध जांच की मसौदा रिपोर्ट पर विचार करने और उसे स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को बैठक करेगी। यह मामला भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा महुआ पर पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़ा है। नाम न छापने की शर्त पर पदाधिकारियों ने बताया है कि पैनल मोइत्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है। इसमें शेष लोकसभा तक अयोग्य घोषित किया जाना शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि पैनल साल 2005 के एक मामले से भी मदद ले सकता है, जहां रिश्वत लेकर सवाल पूछने पर 11 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी



आयोग्य ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा था।

**महुआ मोइत्रा ने लोकसभा आचार समिति पर निशाना साधा**

मोइत्रा ने रविवार को लोकसभा आचार समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर पर निशाना साधा। पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में महुआ ने दावा किया कि जब वह दो नवंबर को समिति के सामने पेश हुईं तो भाजपा सांसद ने उनसे अनैतिक, अप्रासंगिक और बेहूदे सवाल पूछे थे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में तृणमूल सांसद ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके पास आचार समिति में रिकॉर्ड तथ्यों की हूबहू कॉपी मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मेरे खिलाफ आपराधिक मामलों की योजना बना रही है, यह जानकर मैं कांप रही हूं।

पोस्ट में महुआ ने कहा कि उनका स्वागत है। मैं सिर्फ यह जानती हूं कि मेरे पास मौजूद जूतों की संख्या पर सवाल करने से पहले एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में सीबीआई और ईडी को अडानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की जरूरत है।

**सब कुछ लिखित रूप में मौजूद**

तृणमूल सांसद ने भाजपा का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पहले कि आप झूठी कहानी के साथ महिला सांसदों को बाहर निकालें, याद रखें कि मेरे पास आचार समिति में रिकॉर्ड की कॉपी मौजूद है। जिसमें अध्यक्ष के अनैतिक, अप्रासंगिक व बेहूदे सवाल, विपक्ष का विरोध, मेरा विरोध सब कुछ आधिकारिक लिखित रूप से मौजूद है।

# पराली जलाने में हरियाणा से 10 गुना आगे पंजाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लिए सोमवार की सुबह भी प्रदूषण वाली ही रही है। राजधानी में AQI आज सुबह 485 रहा है, जबकि एनसीआर के शहरों गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा में भी एयर पलूशन का लेवल 400 के आसपास बना हुआ है। दिल्ली में पलूशन से निपटने के लिए ग्रैप 4 की पाबंदियां लागू की गई हैं। दूसरे राज्यों से आने वाले डीजल के ट्रकों को रोका गया है। इसके अलावा बीएस-4 और बीएस-3 की डीजल कारों पर भी पाबंदी लगाई गई है। इस बीच दिल्ली के पलूशन को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि दिल्ली के पलूशन के लिए पंजाब में पराली जलने से ज्यादा हरियाणा और पश्चिम यूपी में पराली की घटनाएं जिम्मेदार हैं। वहीं भाजपा के नेता आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साध रहे हैं और उसे दिल्ली में पलूशन कम करने में नाकाम बता रहे हैं। हालांकि रविवार के ही डेटा की बात करें तो पंजाब में पराली जलाने की 3,230 घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा पूरे सीजन में यह आंकड़ा 17,403 तक पहुंच गया है। हरियाणा से तुलना करें तो यह आंकड़ा काफी ज्यादा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में रविवार को पराली जलाने की 109 घटनाएं सामने आई हैं, जबकि पूरे सीजन में पराली जलाने की घटनाएं 1500 से ज्यादा रही हैं।

**दिल्ली में सांस लेना भी हुआ खतरनाक? हवा सामान्य से 5 गुना अधिक जहरीली**

मनोहर लाल खट्टर सरकार का कहना है कि वह पराली जलाने वाले किसानों के चालान काट रही है। हरियाणा के 18 शहरों में पलूशन खतरनाक स्तर पर है, लेकिन राज्य सरकार का कहना है कि इसके लिए पंजाब जिम्मेदार है। जहां पराली जलाने की घटनाएं अधिक हो रही हैं। पंजाब रिमोट सेंसिंग



सेंटर डेटा के मुताबिक राज्य में इस सीजन में पराली जलाने की 17 हजार से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। बीते साल की तुलना में यह आंकड़ा भले कम है, लेकिन हरियाणा के मुकाबले काफी ज्यादा है। हरियाणा के 1500 केसों के मुताबिक यह 10 गुना से भी ज्यादा अधिक हुआ।

> एनसीआर के शहरों गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा में भी एयर पलूशन का लेवल 400 के आसपास बना हुआ है। दिल्ली में पलूशन से निपटने के लिए ग्रैप 4 की पाबंदियां लागू की गई हैं। दूसरे राज्यों से आने वाले डीजल के ट्रकों को रोका गया है। इसके अलावा बीएस-4 और बीएस-3 की डीजल कारों पर भी पाबंदी लगाई गई है। इस बीच दिल्ली के पलूशन को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है।

पंजाब का ही डेटा बताता है कि राज्य में पराली जलाने की कुल घटनाओं में से 56 फीसदी अकेले नवंबर के ही पहले 5 दिनों में हो चुकी हैं। हालांकि 15 सितंबर से 5 नवंबर तक पराली जलाने के कुल मामले बीते साल की तुलना में काफी कम हैं। पंजाब में 2022 में पराली जलाने की 29,400 घटनाएं हुई थीं। उस लिहाज से देखें तो पंजाब में इस बार पराली जलाने की घटनाएं कम दर्ज हुई हैं, लेकिन हरियाणा की तुलना में अब भी काफी अधिक है। बता दें कि आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली के पलूशन के लिए पंजाब से ज्यादा हरियाणा जिम्मेदार है क्योंकि वह ज्यादा पास है।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता

तकनीक और राजनीति की दुनिया के दिग्गजों ने उचित ही चेतावनी दी है कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नियंत्रित नहीं किया गया, तो दुनिया के लिए भारी जोखिम पैदा हो जाएगा। लोगों की गोपनीयता तो खत्म होगी ही, साथ ही इंसानों के जीवन पर भी खतरा मंडराने लगेगा। ब्रिटेन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन का आयोजन दरअसल समाधान खोजने का सराहनीय व स्वागतयोग्य प्रयास है। ऐसे शिखर सम्मेलन की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को लेकर विगत दो वर्षों में लगातार चिंता का इजहार किया गया है। यह ब्रिटेन में आयोजित शिखर सम्मेलन की बड़ी कामयाबी है कि वहां तकनीक की दुनिया के दिग्गज जोखिमों को कम करने के लिए तैयार दिखे हैं। एआई के विकास में सरकारों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है, ताकि कानून-कायदे के अंतर्गत ही इस नई तकनीकी का विकास हो। अगर निजी कंपनियों में एआई के विकास को लेकर खुली प्रतिस्पर्द्धा छिड़ गई, तो तकनीकी मानवता को ही नुकसान पहुंचाने लगेगी। एआई के विकास में लगे नेताओं को जिम्मेदारी का एहसास कराने के मकसद में शिखर सम्मेलन को कामयाबी मिली है और भविष्य में आने वाली तकनीक के न्याय-अनुकूल होने की संभावना बढ़ गई है। चूंकि इस शिखर सम्मेलन को यूरोप के अनेक नेताओं ने गंभीरता से लिया है और इसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी भाग लिया है, इसलिए महत्व को समझा जा सकता है। फ्रांस और जर्मनी के वित्त मंत्री, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, ब्रिटेन और इटली के प्रधानमंत्री, ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधान मंत्री ने भी हिस्सा लिया है। खास यह कि चीन के नेता भी शिखर सम्मेलन शामिल हुए हैं। तमाम नेताओं ने एआई से जुड़े जोखिमों को पहचानने और उनका उपचार करने पर जोर दिया है। दुनिया में एआई को लेकर एक साझा नीति का निर्माण जरूरी है, ताकि कोई भी देश या कंपनी इस अत्याधुनिक तकनीक का दुरुपयोग न कर सके। वास्तव में यह अन्य तकनीकी की तरह नहीं है। चूंकि इंटनरेट की दुनिया में पूरी तरह से जुड़ी हुई है, इसलिए एआई के विकास या उसके प्रभाव को किसी खास देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा जा सकता। मान लीजिए कि कोई देश एक हथियार विकसित करता है, तो उससे सभीको खतरा नहीं है और हो सकता है, वह देश अपने को सुरक्षित करने के लिए हथियार बनाए और संरक्षित रखे। किसी देश ने अगर रासायनिक हथियार बना रखे हैं, तो उससे ज्यादा खतरा नहीं है, लेकिन एआई तकनीक को सीमा में नहीं बांधा जा सकता। एक बार कहीं वह इंटरनेट पर उपलब्ध होगी, तो उसके सदुपयोग और दुरुपयोग करने वाले अनेक पैदा हो जाएंगे। अत- एआई पर सजग देशों की निगाह जरूरी है। एआई के मोर्चे पर केवल समान विचारधारा वाले देशों का परस्पर सहमत होना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए सभी देशों को सहमत होना पड़ेगा। यूरोप, अमेरिका जैसे देश मिलकर अगर कोई तंत्र बनाएंगे, तो केवल उतना ही दुनिया के लिए पर्याप्त नहीं होगा। डिजिटल दुनिया अब केवल विकसित या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। अत- ऋषि सुनक जैसे नेताओं को व्यापकता में सोचना चाहिए और समान विचारधारा के देशों को साथ लेने की बजाय सभी को साथ लेना चाहिए और साथ ही, सभी देशों को एआई के मोर्चे पर समान नीति के पालन के लिए पाबंद भी करना चाहिए।

# भारत ने दिलाई मोटे अनाज को अंतरराष्ट्रीय पहचान

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




मोटा अनाज यानी की श्रीअन्न आज दुनिया की पसंद बनता जा रहा है। दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज समूची दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मना रही है। मोटे अनाज के महत्व और पोषकता को देखते हुए ही इसे श्रीअन्न कहकर पुकारा गया। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित करने के लिए विश्वव्यापी अभियान शुरू किया था। यह उनके प्रयासों का नतीजा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया। आज देश-दुनिया के देश मोटे अनाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं। दरअसल खान-पान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से लोग दो-चार होने लगे हैं। ऐसे में मोटा अनाज एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिजेज, एनिमिया, डाइजेशन प्रॉब्लम, कैल्शियम की कमी या यूं कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। खरीफ की प्रमुख फसल बाजरा का तो इस साल और अधिक उत्पादन होने जा रहा है। किसान इससे उत्साहित है तो स्टार्टअप और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां बेहद उत्साहित हैं। दरअसल गुजरी शताब्दी के छठे-सातवें दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में खाद्यान्न संकट के विकल्प के रूप में हरित क्रांति का दौर आरंभ हुआ और ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी और इसके लिए गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरू हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देश खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरूरतमंद लोगों तक नि:शुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और आज भी है। पर अब समूची दुनिया में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों और नित नई बीमारियों से त्रस्त होने के कारण विकल्प तलाशा जाने लगा है और मोटे अनाज को दुनिया के देश बेहतर विकल्प और आशा के रूप में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि एक समय था जब मोटा अनाज प्रमुख भोजन होता था। आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य हैं। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गुजरे साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रूप में माना जाता है। यह हैं बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कोदों को माना जाता है। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के वर्ष 2023-24 के पहले अनुमान के अनुसार खरीफ पोषक मोटे अनाजों का उत्पादन 351.37 लाख टन अनुमानित है जोकि 350.91 लाख टन औसत मोटे अनाजों की तुलना में थोड़ा सा अधिक है। वर्ष 2023-24 के दौरान श्रीअन्न का उत्पादन 126.55 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गए हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि राजस्थान में तो खासतौर से एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। धीरे-धीरे मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती में कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्द्धक तत्वों से भरपूर रहा है और इनकी उपयोगिता को आज वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थ्यवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबड़ी की अपनी पहचान हैं। समय का बदलाव देखिए कि गांव-गरीब का भोजन आज पांच सितारा होटलों का प्रमुख व्यंजन बन चुका है। शादियों में बाजरे की खिचड़ी या छाछ- राबडी प्रमुखता से परोसी जाने लगी है तो इसका मतलब भी समझना होगा। देश के कृषि क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं। कृषि बजट में साल दर साल उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जा रही है। अब कृषि वैज्ञानिकों के सामने नई चुनौती मोटे अनाज की उन्नत व गुणवत्तापूर्ण किस्में विकसित करने की है जिसे सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करने के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आज दुनिया के देश मोटे अनाज को एक बार फिर से भविष्य का अनाज देख रहे हैं तो फिर देश दुनिया में मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## आज का राशिफल

**मेष** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृषभ** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रुपये पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा।

**मिथुन** जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**कर्क** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय से मन अशान्त रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। व्यवसायिक व पारिवारिक योजना सफल रहेगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव।

**कन्या** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। व्यर्थ की भागदौड़ भी रहेगी।

**तुला** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** व्यावसायिक योजना सफल होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शासन सत्ता से तनाव मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खान-पान में संयम रखें। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

# कर्म करते रहिये फल की इच्छा मत रखिए

(लेखक- नरेन्द्र भारती)

कर्म करते रहिये फल की इच्छा मत कीजिये मानव को मानवता के लिए हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं ।अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ ।पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है ।आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए ।बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मो की सजा जरुर मिलती है ।जब ईश्वर की चक्की चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है इसलिए आदमी को नीच कर्मो से बचना चाहिए और अच्छे कर्म करके जीवन सुधारना चाहिए। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। जीवन एक बार मिलता है,बार-बार नहीं मिलता ,द्य अपना कर्म करते रहिए ताकि किसी क़ो कोई परेशानी न हो द्यकहते हैं अपने ही काम आते है गैर तमाशा देखते हैं । अक्सर देखा गया है कि आज लोग खुनी रिश्तों क़ो तोड़ रहे हैं और आभासी दुनिया के साथ रिश्ते जोड़ रहे हैं द्य अपनों क़ो इग्नोर कर रहे हैं रिश्तों क़ो पैसे से जोड़ा जा रहा है लेकिन पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। सगे व खुनी रिश्ते हर दु:ख सुख में काम आते हैं जबकि गैर लोग रिश्तों क़ो तोड़ने का काम करते हैं इसलिए खुनी रिश्तों क़ो मत तोड़ो द्य गिले शिकवे खत्म करने चाहिए ताकि रिश्ते बरकरार रहे द्य रिश्तों पर पड़ी धूल क़ो साफ कीजिये रिश्तों क़ो बिखरने मत दीजिये द्य हमेशा अपने ही साथ देते हैं रिश्तों क़ो बचाईए द्य आज छोटी छोटी बातों के लिए रिश्ते मत तोडीए द्यवक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए ।ताकि विपतीयो का अहसास होता रहे ।आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते है बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे है जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा के मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है ।आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो मगर शराब न पिलाए तो कहते है कदर ही नहीं हुई ।गरीबों का मजाक उड़ाया जाता है ।गरीबों रिश्तेदारों के घर जाना अपनी तौहीन समझते है ।अमीरी गरीबी का पता नहीं चलता राजा से रंक बनने में जरा देर नहीं लगती ।खुदा की मार पड़ती है तो अर्श से फर्श में पहुंच जाते है ।कुछ लोग इतने चतुर बनने की कोशिश करते है कि दोहरा चरित्र अपनाते है ।ऐसे लोग ज्यादा दिन तक नहीं चल सकते क्योकि अति हर चीज की बुरी होती है। रिश्ते तोडना आसान है लेकिन जोड़ना मुश्किल हैद्य आभासी दुनिया के दोस्त मतलबी होते हैं द्यचालाकियां करने वाले लोग नजरों से गिर जाते है एक बार कोई नजर से गिर जाता है तो उससे विश्वास उठ जाता है ।पापियों का हर युग में सर्वनाश हुआ है ।बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मो की सजा जरुर मिलती है ।जब ईश्वर की चक्की चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है इसलिए आदमी को नीच कर्मो से बचना स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं है अगर आपका चरित्र बेदाग है तो आप दुनिया के महान आदमी है अपनी महानता से आप जग को जीत सकते है। अपने स्वाभिमान का आस्तित्व बनाए रखें हर इन्सान का स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए ।बंद कमरे में आंसू बहा लो मन हल्का हो जाएगा। अपने स्वभिमान को मरने न दो रुखी-सूखी रोटी खा लेनी चाहिए। नमक से रोटी खाओ मगर किसी के आगे हाथ मत फैलाओ अगर एक बार हाथ फैला दिया तो सारी उम्र उनके कर्जदार हो जाओगें आज लोग ऐसे लोगों के पैर छूते है जिनके वे काबिल नहीं है चरित्रहीन लोगों के पांव छूने से परहेज करें ।आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके है मगर अतीत की परछाईयां मरते दम तक साथ रहती है ।गरीब आदमी की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए क्योकि गरीब आदमी हमेशा याद रखता है कि बुरे समय में मेरी किसने सहायता की और किसने नहीं,किसने गरीबी का मजाक उड़ाया और किसने मजबूरी मे साथ दिया ।गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता जबकि अमीर लोग नमक हराम होता है ।अमीर आदमी तो यूज ऐंड थ्रो करता है ।आज लोगों को अयाशीयां करने के लिए समय है मगर एक गरीब के लिए समय नहीं हैं ।चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते है दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते है। अहंकार में अंधे हुए यह लोग दूसरों को हर समय दबाने की फिराक में रहते है ।जान-पहचान तो बड़े लोगों से है मगर किसी का अच्छा तक नहीं करवा सकते। समय≤ पर इन लोगों को सजा मिलती रहती है मगर अंहकार नहीं टूटता। रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई कहावत इन पर सटीक बैठती है ।आज बुरे कर्मो के लिए समय है । आज लोग चरित्रहीन का साथ देते है जबकि एक ईमानदार को दरकिनार करते है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी ।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं ।आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए है जर,जोरु,जमीन ही सर्वोपरी हो गया है ।बच्चों के मन में बिष घोला जा रहा है ।जीवन के कुछ अटल सत्य है कि रात के बाद दिन का उजाला जरुर होगा। सुर्य उदय के बाद अस्त होगा ।जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा ।दुनिया में एक सच्चाई सिर्फ मौत ही है बाकि तो लोग झूठ-फरेब के बल पर चल रहे है ।मगर झूठ के पांव नहीं होते सच्चाई की हमेशा जीत होती है ।भाग्य बदलते देर नहीं लगती वक्त एक जैसा नहीं रहता इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए ।कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते है। आज लोग अपनी मन्नते पुरी होने पर बकरों की बलियां दे रहे है क्या बलियों के बगैर कोई विकल्प नहीं है सादा खाना भी बनाया जा सकता है मगर मानव खुशी में पागल है। आज भले ही कुछ चरि्त्र हीन व तथाकथित अमीर ब्रांडेड कपड़े पहनते है पर कहते है कफन का कोई ब्रांड नहीं बना चाहे अमीर हो राजा हो सबको सफेद कफन ही नसीब होगा। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता अगर हथा लकड़ी का न हो ।आज लोगों को लुटा जा रहा है,सताया जा रहा है गरीबों की बददुआ से लोहा भी भस्म हो जाता है इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए ।मानवता ही सच्चा धर्म हैद्य

विचार मंथन

# मणिपुर के राहत शिवरों का नारकीय जीवन

(लेखक/-सनत कुमार जैन)



मणिपुर की हिंसक घटनाओं को 6 माह से ज्यादा का समय बीत चुका है। इसके बाद भी राहत शिविरों में जो हजारों लोग रह रहें हैं, उनकी स्थिति रहने लायक नहीं हो पाई है। छोटे-छोटे बच्चे ठंड से बिलख रहे हैं। बच्चों को दूध और पोषण आहार नहीं मिल रहा है। ठंड से बचने का कोई इंतजाम रात शिवरों में नहीं है। शुद्ध पेयजल भी राहत शिवरों में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लोगों को दूषित पेयजल पीना पड़ रहा है। जिसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाएं, बच्चे, छात्र और बुजुर्ग परेशान हैं। अभी तक राहत शिवरों में रहने वालों के लिए जरूरी इंतजामात भी नहीं किए गए हैं। 6 महीने से अधिक का समय हो गया है। अभी भी हालत सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। कई जिलों में रात की कर्फ्यू लागू है। इंटरनेट सेवाएं कई स्थानों की बंद है। कुकी समुदाय के लोग मैतई इलाकों में नहीं जा सकते हैं। वहीं मेतई समुदाय के लोग कुकी इलाकों में नहीं जा पा रहे हैं। यहां तक की अस्पताल पुलिस थाने और सरकारी कार्यालय में भी दोनों समुदायों की अलग-अलग उपस्थिति है। 6 माह पश्चात भी मणिपुर की स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। मणिपुर के लोगों के पास ना तो कमाई का कोई जरिया रह गया है, नाही वह अपनी खेती-बाड़ी कर पा रहे हैं। मौसम बदलने लगा है। अब मणिपुर में भी ठंड बढ़ने लगी है। राहत शिविरों में रह रहे परिवारों के पास ना तो पहनने के लिए कपड़े हैं, नहीं उनके पास खाने-पीने और जरूरी दवायें नहीं हैं। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष राहत शिवरों में जैसे-तैसे नारकीय जीवन जीने के लिए विवश है। राहत शिविरों में रह रहे, लोगों के पास पैसे भी नहीं है। वहीं पढ़ाई-लिखाई का काम पूरी तरीके से बंद हो गया है। राहत शिवरों मे रह रहे लोगों के घर जलने के साथ ही उनकी किताबें, सर्टिफिकेट एवं अन्य जरुरी दस्तावेज जल गए हैं। इनका जीवन कैसे पटरी पर आएगा, इसका भी सरकार कोई रास्ता आज तक नहीं निकल पाई है। राहत शिविरों में नेता और अधिकारी पहुंचते हैं। बड़े-बड़े आश्वासन देकर चले जाते हैं। जो आश्वासन देते हैं, वह आश्वासन ही रह जाते हैं। जिसके कारण राहत शिवरों में रहने वाले लोगों का गुस्सा भी अब बढ़ने लगा है। अपने ही प्रदेश में अपने ही लोगों के बीच इतनी दुर्दशा के साथ उन्हें अपना जीवन जीना पड़ेगा। इसकी कल्पना भी उन्होंने कभी नहीं की थी। किसी तरह राहत शिवरों में जिंदा है। छोटे-छोटे बच्चों को दूध तक नहीं मिल पा रहा है। बच्चे बीमार पढ़ रहे हैं उनके इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मणिपुर की जो हालात आज बनी हुई है। उसको देखकर पूर्वोत्तर के राज्यों में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। मिजोरम के विधानसभा चुनाव में इसका स्पष्ट असर पड़ते हुए देखा जा सकता है। मेतई और कुकी समुदाय के लोग राज्य सरकार और केंद्र सरकार के वर्तमान रवैये से नाराज हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जो कमेटी काम कर रही है। वह भी राहत शिवरां में रहने वालो तथा दोनों समुदायों के बीच आर्थिक, सामाजिक एवं न्याय को लेकर राहत नहीं मिलने से आक्रोश दोनों समुदायों में सरकारों के प्रति बढ़ रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भारत सरकार को इस विवाद को सुलझाने के लिए त्वरित एवं संवेदनशील निर्णय लेना होगे। जिससे मणीपुर की स्थिति सामान्य हो। केंद्र सरकार के प्रति दोनों समुदायों का भरोसा बना रह सके। यदि ऐसा समय रहते नहीं हुआ, तो सीमावर्ती राज्य मणीपुर में गृह युद्ध जैसी स्थितियॉ बनते देर नहीं लगेगी।

## एसोचैम यूएई के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकें करेगा

**चंडीगढ़।** उद्योग निकाय एसोचैम संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मुक्त (एसएआईएफ) क्षेत्र के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकों का आयोजन करेगा। एक विज्ञप्ति के अनुसार एसएआईएफ क्षेत्र के साथ वैश्विक स्तर पर अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए इन बैठकों का आयोजन 7-8 नवंबर को चंडीगढ़ में होगा। व्यवसायों के बीच (बी2बी) होने वाली इन बैठकों का उद्देश्य शहर के उद्योगपतियों को यूएई के मुक्त व्यापार क्षेत्रों में व्यवसाय स्थापित करने के लिए जरूरी जानकारी देना है।

## अक्टूबर में डीजल, जेट ईंधन की बिक्री बढ़ी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में डीजल और पेट्रोल की बिक्री 2022 के इसी महीने की तुलना में क्रमशः 9.3 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत बढ़ गई है।पेट्रोल और डीजल की अधिक खपत देश में आर्थिक गतिविधियों के बढ़े हुए स्तर को दर्शाती है। डीजल का उपयोग परिवहन और कृषि दोनों क्षेत्रों में किया जाता है और दोहरे अंक की खपत वृद्धि इन दोनों क्षेत्रों में ग्रोथ दिखाती है। इसी प्रकार, पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में महीने के दौरान हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण एयरलाइंस द्वारा जेट ईंधन की खपत भी 12.3 प्रतिशत तक बढ़ गई। बिटुमिन की बिक्री में भी 20.5 फीसदी का उछाल आया है, जो देश में हो रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की तेज गति को दर्शाता है। हालांकि, साथ ही पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ी हुई खपत का मतलब ये भी है कि आयात अधिक हो रहा है। देश की 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत वैश्विक बाजार से पूरी होती है। इससे चालू खाता घाटा बढ़ता है और रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना पड़ता है।

## डीआरआई ने हैवेल्स इंडिया कार्यालय में तलाशी ली

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और उपकरण निर्माता हैवेल्स इंडिया के मुख्यालय पर तलाशी अभियान चलाया। हैवेल्स इंडिया के अनुसार, तलाशी डीआरआई द्वारा की गई जो तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामलों की जांच करने के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करती है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि डीआरआई ने नोएडा में उसके कॉर्पोरेट कार्यालय में तलाशी ली। तलाशी अभियान 4 नवंबर को रात लगभग 2.20 बजे समाप्त हुआ। इसमें कहा गया है कि तलाशी सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 105 के तहत शुरू की गई थी। कंपनी ने यह भी कहा कि उसकी वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर इसके प्रभाव को इस समय निर्धारित नहीं किया जा सकता है। उसने बताया कि मामला हीटिंग तत्वों के आयात के वर्गीकरण से संबंधित है। कंपनी हैवेल्स, लॉयड, क्रैबट्री और लियो के ब्रांड नाम के तहत उपभोक्ता विद्युत उत्पादों का निर्माण और विपणन करती है।

# सुप्रीम कोर्ट में आरसीएपी रिजॉल्यूशन मामले में टोरेंट की याचिका पर सुनवाई मंगलवार को

**मुंबई।**

रिलायंस कैपिटल रिजॉल्यूशन प्लान मामले में टोरेंट इन्वेस्टमेंट की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने वाली है।पांच महीने पहले 99.6 प्रतिशत वोट के साथ ऋणदाताओं द्वारा हिंदुजा समूह की समाधान योजना को मंजूरी दिए जाने के बावजूद, रिलायंस कैपिटल के लिए समाधान प्रक्रिया अपने निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। टोरेंट की याचिका, जिसने रिलायंस कैपिटल की संपत्तियों की बिक्री के लिए दूसरे दौर की नीलामी को चुनौती दी थी, अप्रैल 2023 से सुप्रीम कोर्टमें लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने नीलामी के दूसरे दौर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जो अंततः 26 अप्रैल, 2023 को आयोजित की गई थी। हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल दूसरी नीलामी में एकमात्र बोली लगाने वाली कंपनी थी, क्योंकि टोरेंट इन्वेस्टमेंट ने भाग नहीं लेने का फैसला किया था। आईआईएचएल ने 9,800 करोड़ रुपये की नकद बोली लगाई थी। आईआईएचएल की समाधान योजना को ऋणदाताओं ने जून 2023 में योजना के पक्ष में 99.6 प्रतिशत मतदान के साथ मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट में लंबित मुकदमे और विभिन्न प्रक्रियात्मक देरी के कारण रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं मिल सका है। टोरेंट इन्वेस्टमेंट ने



अगस्त में एनसीएलटी को आईआईएचएल समाधान योजना पर विचार करने से रोकने के लिए एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने एनसीएलटी के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 83.21 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 83.15 पर पहुंच गया, जिससे घरेलू इक्विटी में सकारात्मक रुख आया क्योंकि बाजार में जोखिम की भावना बनी हुई थी। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा` कि अक्टूबर में अमेरिकी नौकरी वृद्धि उम्मीद से कम रहने के बाद अमेरिकी मुद्रा के अपने ऊंचे स्तर से गिरने के बाद रुपये में तेजी आई। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.17 पर खुला और फिर 83.15 के शुरुआती उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 83.20 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 105.05 पर था।

## खंडवा से आने लगा नया प्याज, अब घटने लगे दाम

इंदौर । पिछले दिनों प्याज की कीमतों में तेजी से हो रही बढ़ोतरी की वजह से लोग परेशान होने लगे थे लेकिन खंडवा से नया प्याज की आवक शुरू हो गई है। इससे अब प्याज की कीमतों में गिरावट आने लगी है, जिससे आमजन को राहत मिली है। इंदौर की थोक आलू-प्याज मंडी में दो दिन से प्याज की अच्छी आवक देखने को मिल रही है। इस वजह से पिछले सप्ताह तक जो प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए किलो थी, वह अब थोक भाव में 30 से 40 रुपए तक पहुंच गई है। व्यापारियों का कहना है कि दीपावली बाद प्याज की कीमत में और कमी आएगी, क्योंकि जल्द ही नासिक (महाराष्ट्र) से नए प्याज की आवक शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्याज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने से भाव में गिरावट देखने को मिलेगी। दरअसल कीमतों में गिरावट आने की असली वजह खंडवा से आने वाला प्याज है। देवी अे हिल्याबाई होलकर चोइथराम थोक मंडी में दो दिन से 400 से 500 बोरी सुपर प्याज आ रहा है। इस वजह से प्याज की कीमतों में गिरावट आ गई है। इंदौर के खुले बाजार में प्याज 40 से 60 रुपए किलो बिक रहा है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 594 , निफ्टी 181 अंक बढ़कर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी ऊपर आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 594.91 अंक करीब 0.92 फीसदी की बढ़त के साथ 64,958.69 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 181.15 अंक तकरीबन 0.94 फीसदी की बढ़त के साथ ही 19,411.75 अंक पर बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों ही सूचकांकों में एक-एक फीसदी की बढ़त रही।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 26 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, बजाज फाइनैंस और पावर ग्रिड सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। सबसे ज्यादा लाभ एलएंडटी के शेयरों को हुआ। इसके शेयर



2.16 फीसदी बढ़े हैं। वहीं दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में केवल 4 शेयर ही नुकसान के साथ लाल निशान पर बंद हुए। एसबीआई, एचयूएल, टाटा मोटर्स और टाइटन सेंसेक्स के नुकसान वाले शेयर रहे। सबसे ज्यादा 0.65 फीसदी नुकसान एसबीआई के शेयरों को हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई है। बीएसई सेंसेक्स 305.92 अंक की बढ़त के साथ 64,697.91 के स्तर पर खुला और कुछ देर बाद ही यह 64,743 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 91.75 अंक के उछाल के साथ 19324.65 के स्तर पर कारोबार करता दिखा और थोड़ी देर में यह 19,347 के स्तर पर आ गया। इसके अलावा प्री-ओपनिंग में भी बाजार में तेजी आई थी। सेंसेक्स 380 अंक चढ़कर 64,744.76 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 79.15 अंक की बढ़त के साथ 19309 के स्तर पर कारोबार कर रहा था

# गोगोरो ने बैटरी स्वैपिंग केंद्र स्थापित करने एचपीसीएल से किया करार

**मुंबई ।**

बैटरी अदला-बदली (स्वैपिंग) करने वाली कंपनी गोगोरो ने आने वाले सालों में देशभर में बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के साथ प्रारंभिक समझौता किया है। गोगोरो अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज नैस्डैक पर सूचीबद्ध है। गोगोरो ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत गोगोरो पूरे देश में एचपीसीएल की खुदरा दुकानों पर बैटरी स्वैपिंग केंद्र स्थापित करते हुए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए एक व्यापक बैटरी स्वैपिंग बुनियादी ढांचा विकसित करेगा। बयान के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी एचपीसीएल की देशभर में लगभग 21,000 खुदरा दुकानें हैं। गोगोरो के एक वे रिष्ठ अे धिकारी (सीईओ) ने कहा कि हम आने वाले वर्षों में पूरे देश में अपनी खुदरा दुकानों पर हजारों गोगोरो बैटरी स्वैपिंग केंद्र शुरू करने के लिए एचपीसीएल के साथ साझेदारी की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने




शहरी दोपहिया परिवहन तंत्र में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहन स्वीकार्यता के प्रारंभिक चरण में है। यह तेजी से स्पष्ट हो रहा है कि बैटरी स्वैपिंग व्यापक स्वीकार्यता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके बुनियादी ढांचे का निर्माण महत्वपूर्ण है।

## सेलो वर्ल्ड का शेयर 28 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।**

घरेलू सामान एवं स्टेशनरी विनिर्माता सेलो वर्ल्ड का शेयर सोमवार को अपने निर्गम मूल्य 648 रुपये पर करीब 28 फीसदी की तेजी के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य से 28.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 831 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 28.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 834.70 रुपये पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 27.93 प्रतिशत की उछाल के साथ 829 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। सुबह के कारोबार के दौरान कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,769.44 करोड़ रुपये था। सेलो वर्ल्ड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बिक्री के ओ खिरी दिन 38.90 गुना अभिदान मिला था। इसका मूल्य दायरा 617-648 रुपये प्रति शेयर था।




# फिच ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली।**

वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मध्यावधि वृद्धि का अनुमान पहले के 5.5 फीसदी से 0.7 फीसदी बढ़ाकर 6.2 फीसदी कर दिया, जबकि चीन के लिए अपने अनुमान में 0.7 प्रतिशत की कटौती की।रेटिंग एजेंसी ने 10 उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपना अनुमान पहले के 4.3 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया। फिच ने अपनी रिपोर्ट में कहा, उभरते बाजार की संभावित वृद्धि चीन की धीमी गति के कारण कमजोर हुई। यह कटौती मुख्य रूप से चीन की आपूर्ति पक्ष की वृद्धि क्षमता के अनुमान में 0.7 प्रतिशत अंक की बड़ी कमी के कारण है। चीन की मध्यावधि वृद्धि का अनुमान पहले के 5.3 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि, हमने भारत और मेक्सिको में बड़े पैमाने पर उन्नयन किया है, जिससे पूंजी-से-श्रम




अनुपात के बेहतर दृष्टिकोण से लाभ हुआ है। भारत का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत और मेक्सिको का 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत है। रूस के लिए पूर्वानुमान को 1.6 प्रतिशत से घटाकर 0.8 प्रतिशत, कोरिया के लिए 2.3 प्रतिशत से घटाकर 2.1 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका के लिए 1.2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया गया है। एजेंसी ने यह भी कहा कि नवीनतम अनुमान ब्राजील और पोलैंड को छोड़कर सभी शीर्ष 10 उभरते बाजारों (ईएम10) के लिए उसके महामारी-पूर्व संभावित विकास अनुमानों से नीचे हैं। इसमें कहा गया है, यह बिगड़ते जनसांख्यिकीय रुझान और महामारी से व्यवधानों की विरासत को दर्शाता है। उत्तरार्द्ध आंशिक रूप से पूंजी स्टॉक और उत्पादकता वृद्धि के अनुमानों में संशोधन के माध्यम से परिलक्षित होता है। रिपोर्ट में कहा गया है, लेकिन कुछ डरावने प्रभावों को पकड़ना मुश्किल है और हमने अब मेक्सिको, इंडोनेशिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए 2020 और 2021 में संभावित सकल घरेलू उत्पाद के ऐतिहासिक अनुमानों में अतिरिक्त स्तर का झटका समायोजन किया है।

# रिकवरी धीमी होने से वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाएं कमजोर : सीतारमण

**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि मध्यम अवधि में वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाएं और कमजोर हो गई हैं क्योंकि रिकवरी धीमी और असमान है।दिल्ली में 'मजबूत सतत संतुलित और समावेशी विकास' पर एक वेबिनार में उन्होंने कहा, 'महामारी के बाद से, वैश्विक अर्थव्यवस्था कई संकटों से जूझ रही है, जिससे वैश्विक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि रिकवरी चल रही है, लेकिन धीमी और असमान है। वैश्विक विकास की वर्तमान गति काफी कमजोर बनी हुई है। महामारी से पहले के दो दशकों में 3.8 प्रतिशत के औसत के मुकाबले विकास दर काफी नीचे है और मध्यम अवधि में विकास की संभावनाएं कमजोर हो गई हैं।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक और घरेलू स्तर पर पॉलिसी कॉर्डिनेशन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि विकास पटरी पर आए और मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी बना रहे। उन्होंने कहा कि जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा (एनडीएलडी) समान विकास और वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए कैलिब्रेटेड व्यापक आर्थिक और संरचनात्मक नीतियों को लागू करने की जरूरत को रेखांकित करती है। सीतारमण ने आगे कहा, 'हमारी अध्यक्षता में, जी20 ने एमएसएमई को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एकीकृत करने पर पूरा ध्यान दिया। दुनिया भर में एमएसएमई का 90 प्रतिशत व्यवसाय, 60 से 70 प्रतिशत रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद में 50 प्रतिशत का योगदान है। वे आजीविका को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खास कर कामकाजी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और कमजोर परिस्थितियों वाले समूहों के बीच। हालांकि एमएसएमई को विकासशील देशों में, अक्सर जानकारी तक सीमित पहुंच के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिससे उनकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार भागीदारी में बाधा आती है। इस चुनौती से निपटने में मदद करने के लिए, एनडीएलडी ने जयपुर कॉल फॉर एक्शन का स्वागत किया, जिसका मकसद एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देना है और साथ ही एमएसएमई के लिए इनफोर्मेशन गैप को पाटना है ताकि उन्हें अपने व्यवसाय और व्यापार का विस्तार करने में मदद मिल सके।

## ओपनएआई जल्द ही चैटजीपीटी सब्सक्राइबर्स के लिए 'जीपीटी बिल्डर' ऑप्शन कर सकता है जारी




**सैन फ्रांसिस्को।**

ओपनएआई के डेवलपर कॉन्फ्रेंस से पहले एक महत्वपूर्ण चैटजीपीटी अपडेट लीक हो गया है, जिसमें एक कस्टम चैटबॉट क्रिएटर का खुलासा हुआ है।लीक हुए स्क्रीनशॉट और वीडियो के अनुसार, कस्टम चैटबॉट क्रिएटर के पास जीपीटी-4 का इस्तेमाल करके चैटजीपीटी में वेब ब्राउजिंग और डेटा एनालिसिस जैसे कई फीचर्स पहले से ही उपलब्ध हैं। यह खबर सबसे पहले 'द डिकोडर' ने प्रकाशित की थी।रिपोर्ट के मुताबिक, ओपनएआई के पास एक नया मार्केटप्लेस भी होगा, जहां यूजर्स अपने चैटबॉट शेयर कर सकते हैं या दूसरों द्वारा बनाए गए चैटबॉट को ब्राउज कर सकते हैं। इसके अलावा, एसईओ टूल डेवलपर टिबोर ब्लाहो ने 'जीपीटी बिल्डर' ऑप्शन प्रदर्शित करते हुए फीचर के लिए यूआई का एक वीडियो भी शेयर किया, जो यूजर्स को चैटबॉट डेवलप करने के लिए एक प्रॉम्प्ट सबमिट करने की अनुमति देता है, उदाहरण के लिए एक क्रिएटिव बनाएं, जो नए प्रोडक्ट्स के लिए विजुअल जनरेट करने में मदद करता है। जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है, 'क्रिएट'' टैब पर बॉट के लिए एक डिफॉल्ट लैंग्वेज, टोन और राइटिंग स्टाइल का सलेक्ट करने के ऑप्शन हैं। फिर, कॉन्फिगर पेज पर, नेमिंग, डेस्क्रिबिंग और बॉट को निर्देश देने के लिए फील्ड हैं कि वह क्या कर सकता है और क्या नहीं।

चोई नामक एक यूजर, जिसने कुछ दिन पहले एक्स पर रुमर्ड अपडेट की समरी पोस्ट की थी, ने यह भी दावा किया कि ओपनएआई 'फ्लेक्सिबल' और 'एनुअल' ऑपशन के साथ एंटरप्राइज 'टीम' सब्सक्रिप्शन प्लान जारी करने की योजना बना रहा है।

## विरासत करों को कवर करने के लिए 2 अरब डॉलर मूल्य के शेयर बेच रहे सैमसंग परिवार के सदस्य




**सोल।**

सैमसंग ग्रुप के स्वामित्व वाले परिवार के सदस्य विरासत करों को कवर करने के लिए सैमसंग सहयोगियों में लगभग 2.6 ट्रिलियन वॉन (2 बिलियन डॉलर) मूल्य के शेयर बेचने के लिए तैयार हैं।

अक्टूबर 2020 में दिवंगत सैमसंग चेयरमैन ली कुन-ही की मृत्यु के बाद से, उनके परिवार के सदस्य पांच साल की योजना के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति के लिए किस्तों में विरासत कर का भुगतान कर रहे हैं।समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, कुल विरासत कर की राशि 12 ट्रिलियन वॉन थी।वित्तीय पर्यवेक्षी सेवा के साथ नियामक फाइलिंग के अनुसार, ली की पत्नी होंग रा-ही और उनकी दो बेटियों ली बू-जिन और ली सेओ-ह्यून, जिनमें से एक होटल शिला कंपनी की सीईओ और दूसरी सैमसंग वेलफेयर फाउंडेशन की प्रमुख है, ने पिछले मंगलवार को हाना बैंक को शेयर निपटान का काम सौंपने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 'विरासत कर भुगतान' के उद्देश्य से किए गए सौदे के तहत, हाना बैंक को 30 अप्रैल, 2024 तक सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में हांग की 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी और फर्म में दोनों बेटियों के स्वामित्व वाली संयुक्त 0.18 प्रतिशत हिस्सेदारी का निपटान करना आवश्यक है। जब प्रति शेयर 69,600 वॉन का नवीनतम बाजार समापन मूल्य लागू किया जाता है, तो बिक्री के लिए सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों की राशि लगभग 2.08 ट्रिलियन वॉन हो जाती है। होटल शिला सीईओ ने अपने शेयरों की बिक्री के लिए एक अतिरिक्त समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें सैमसंग सी एंड टी कॉर्प में 0.65 प्रतिशत हिस्सेदारी, सैमसंग एसडीएस कंपनी में 1.95 प्रतिशत हिस्सेदारी और सैमसंग लाइफ इंश्योरेंस में 1.16 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। शेयरों का संयुक्त मूल्य 499.3 बिलियन वॉन है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को हराकर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। खिताबी मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने आसानी से जापान को 4-0 से हरा दिया। इस मुकाबले में भारत की ओर से संगीता ने 17वें मिनट में पहला गोल किया जबकि नेहा ने 46वें मिनट में दूसरा व लालरेमसियामी ने 57वें मिनट में तीसरा गोल किया। इसके बाद वंदना कटारिया ने 60वें मिनट में गोल कर जापानी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। संगीता और वंदना ने मैदानी गोल किये जबकि नेहा और लालरेमसियामी ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के लीग चरण और एशियाई खेलों के ब्रॉन्ज कांस्य पदक के प्लेऑफ में भी जापान को 2-1 के समान अंतर से हराया था।

वहीं कोबायाकावा शिहो ने 22वें मिनट में जापान के लिए गोल किया था पर वीडियो रेफरल के बाद उनके इस गोल को खारिज कर दिया गया। जापान को 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला था, पर काना उराता इसे गोल में बदल नहीं पायीं। चीन ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

महिला चैंपियंस ट्रॉफी का यह 7वां सत्र था। जिसमें भारतीय महिला टीम ने दूसरी बार खिताब जीता है। इससे पहले 2016 में सिंगापुर में खेले गए टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने चीन को हराकर खिलाब अपने नाम किया था।



# कैब ने विराट को जन्मदिन पर सोने की परत वाला बल्ला भेंट किया



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में 35वें जन्मदिन पर शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। विराट जन्मदिन पर शतक लगाने वाले दुनिया के 7वें बल्लेबाज जबकि भारत के तीसरे बल्लेबाज हैं। इस अवसर पर बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के प्रमुख स्नेहाशीष गांगुली ने विराट को सोने की परत वाला बल्ला भेंट किया। इस बल्ले पर 'हैप्पी बर्थडे विराट' लिखा हुआ था। इसके नीचे के हिस्से पर लिखा था, आप समर्पण के प्रतीक हैं और इस बात का सबूत कि उम्र सिर्फ एक नंबर भर है। कोहली ने इस विशेष उपहार के साथ भारत की जीत के बाद स्टेडियम में ही एक बड़ा सा केक काटा। इस पर हैप्पी बर्थडे विराट लिखा था, साथ ही उनका स्टेच्यू भी इसपर लगा था।

कोहली ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों की बराबरी भी कर ली। यह पहली बार है जब कोहली ने वनडे विश्व कप में 500 रन का आंकड़ा पार किया और पहली बार एकदिवसीय विश्व कप के एक ही संस्करण में दो शतक बनाए हैं। कोहली के शतक की इस मैच में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका रही।

# अफगानिस्तान की सफलता के पीछे है अजय जडेजा : गुलबदिन

**मुंबई (एजेंसी)।** एकदिवसीय विश्वकप में इस बार अफगानिस्तान ने अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। इस टीम ने अपने से बेहतर टीमों को हराकर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखी हैं। एशियाई खेलों में अफगान टीम के कप्तान रहे गुलबदिन नायब ने इसका श्रेय भारतीय टीम के पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा को दिया है। जडेजा विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के मैंटोर हैं। अफगानिस्तान की टीम मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। उसके 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार के साथ ही 8 अंक हैं। वहीं न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के नाम भी इतने ही अंक है पर इन दोनों टीमों ने एक-एक मैच अधिक खेले हैं। अफगानिस्तान नेट रन रेट -0.330 के मामले में इन दोनों टीमों से पीछे है। नायब ने 2019 विश्व कप में टीम का नेतृत्व किया था पर वर्तमान विश्व कप में वह टीम के रिजर्व खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जब अफगानिस्तान के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने की बात आती है तो जडेजा के सुझाव 'अविश्वसनीय रहे हैं।

नायब ने टीम के अभ्यास सत्र के दौरान कहा कि टीम के परिणामों पर मैंटोर की भूमिकाओं का काफी प्रभाव होता है। वह जडेजा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हैं और वह किसी बड़े खिलाड़ी की तरह अपना अनुभव साझा करते हैं। अजय भाई भारत के लिए खेल चुके हैं, वह जानते हैं और अनुमान भी लगा सकते हैं कि खेल के किसी भी चरण में क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे दिमाग में पूरे मैच का खाका होता है पर वह मैच पर करीबी नजर रखते हैं और उसे 10-10 मिनट के सत्र में बांट कर योजना बनाते हैं। इस मैदान के पास अरब सागर है ऐसे में उन्हें पता है कि यहां क्या हो सकता है। उन्हें इस बात का अंदाजा रहता है कि गेंद कितनी स्विंग करेंगी या पिच स्पिनरों के लिए मददगार होगी। दिन और रात के हालातों में क्या फर्क होगा। हमें इन चीजों के बारे में आसानी से पता चल जाता है।



# रोहित ने की शमी और श्रेयस की प्रशंसा, अच्छा प्रदर्शन नहीं करते तो भी टीम में रखता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद मोहम्मद शमी और श्रेयस अय्यर की जमकर प्रशंसा की। रोहित ने कहा कि अगर ये दोनो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं भी करते तो भी मैं टीम में शामिल करता। शमी ने इस विश्व कप में पहले 4 मैच नहीं खेले थे। इसके बाद भी विश्व कप 2023 में उन्होंने भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक 16 विकेट लिए हैं। शमी ने केवल 26 ओवर में ये विकेट लिए। उनका स्ट्राइक रेट 9.7, औसत 7 और इकोनॉमी रेट 4.30 रहा। वहीं अय्यर ने विश्व कप की अपनी पहली 6 पारियों में तो कुछ विशेष नहीं किया और वह केवल एक अर्धशतक लगा पाये पर इसके बाद दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाये।



रोहित ने श्रेयस को लगातार अवसर देने के सवाल पर कहा, अगर ये दोनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं भी करते और भरोसे पर खरा नहीं उतरते तो भी मेरा इन पर विश्वास कम नहीं होता। साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को आजादी देना जरूरी है। उन्हें यह समझाना अहम होता है कि उनसे क्या अपेक्षा की जाती है और मैं यह भी समझता हूं कि हर मैच में खिलाड़ी बेहतर नहीं कर सकता। ऐसे में आपको उन खिलाड़ियों पर भरोसा करना होगा जिन्होंने पूर्व में टीम के लिए अच्छा किया था।

भारतीय शमी को लेकर कहा कि वह शुरुआती कुछ मुकाबलों में शमी अंतिम -11 का हिस्सा नहीं थे पर वापसी के बाद से पिछले 4 मैच में उन्होंने जिस तरह की गेंदबाजी की, वो उनकी मजबूत मानसिकता और एक खिलाड़ी के तौर पर उनकी क्षमताओं को दिखाता है। अय्यर के साथ भी ऐसा ही है, वो शुरुआत में अपने स्तर के मुताबिक रन नहीं बना पा रहे थे पर पिछले दो मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाकर अपनी क्षमताएं दिखाई।

# पाक के सेमीफाइन में पहुंचने की राह अब भी आसान नहीं

बेंगलुरु । यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में जीत के साथ ही पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बन गयी हैं। अभी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें अंक तालिका में चौथे और 5वें स्थान पर बनी हुई है। बराबर अंक होने के बाद भी न्यूजीलैंड टीम बेहतर रन औसत के कारण आगे है। उसका औसत 0.398 नेट जबकि पाकिस्तान का नेट रन औसत 036 है। पाक को अब अगले मैच में इंग्लैंड से खेलना है जिसमें भी उसका लक्ष्य बड़ी जीत दर्ज करना रहेगा। वहीं न्यूजीलैंड को श्रीलंका से खेलेगी। ऐसे में पाक को क्वालिफाई करना है तो उन्हें न्यूजीलैंड की जीत से 130 रन ज्यादा से जीतना होगा। अगर न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका से 50 रन से जीत जाती है तो पाक को इंग्लैंड को 180 रन से हराना जरूरी होगा। तभी वह बेहतर नेट रन रेट के साथ सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों पर अफगानिस्तान और श्रीलंका पानी फेर सकते हैं। पाकिस्तान टीम अगर इंग्लैंड के खिलाफ जीत भी जाती है तो भी उसके लिए सीधे सेमीफानल में पहुंचना संभव नहीं है। अफगानिस्तान 7 मैचों में 4 जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर हैं। उनके दो आगामी मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से है। अगर वह दोनों में से एक भी जीत गया तो पाकिस्तान की राह कठिन हो जाएगी। अगर अफगानिस्तान दोनों ही मैच हारता है तो ही पाक टीम सेमीफाइनल की ओर बढ़ेगी। आगे जा पाएगी। इसके अलावा पाक को ये दुआ करनी होगी कि श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड को हरा दें।

# लीजेंड्स लीग के लिए चल रही तैयारियां

**श्रीनगर (एजेंसी)।** दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों की लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के लिए तैयारियां जारी है। इसी माह 18 नवंबर से ये लीग भारत में शुरु होगी। इसमें देश विदेश के कई दिग्गज पूर्व क्रिकेटर भाग लेंगे। ये लीग मुकाबले 9 दिसंबर तक चेलेंगे। 5 शहरों में ये लीग खेली जाएगी। देश के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में ये मैच खेले जाएंगे। एलएलसी 2023 का शुरुआती मैच 18 नवंबर को रांची में शुरु होगा। इसमें इंडिया कैपिटल्स का मुकाबला भीलवाड़ा किंग्स से होगा। 2022 फाइनल में भी यही दोनों टीमों एक दूसरे से टकरायीं थीं। तब इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराया था।

इस बार 22 दिनों में 19 मैच खेले जाएंगे। रांची के बाद 24 नवंबर को देहरादून में भीलवाड़ा किंग्स का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। जम्मू में 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक 4 मैच खेले जाएंगे जबकि विजाग में 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक तीन मैच होंगे। एलएलसी 2023 का नॉकआउट चरण सूरत में खेला जाएगा, जिसमें सेमीफाइनल 5 दिसंबर और 6 दिसंबर को खेले जाएंगे।टूर्नामेंट के पहले मैच में 18 नवंबर को पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और इरफान पठान (भीलवाड़ा किंग्स) की टीमों के बीच मुकाबले होंगे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि रांची, देहरादून में खेले जाने वाले खेलों के साथ, जम्मू, विजाग और सूरत, हम सिर्फ एक टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर रहे हैं बल्कि हम देश में दूर-दूर तक खेल के प्रति प्यार फैला रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना एलएलसी में नई फ्रेंचाइजी अर्बनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे।

# सुनील नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर्ड, बोले- फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलता रहूंगा



पोर्ट ऑफ स्पेन । वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सुनील नारायण ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। आईसीसी टी20 विश्व कप 2012 जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के सदस्य रहे नारायण ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला अगस्त 2019 में प्रोविडेंस में भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के रूप में खेला था। 35 साल के नारायण ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि मुझे आखिरी बार वेस्टइंडीज की ओर से खेले 4 साल से अधिक समय हो गया लेकिन आज मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर मैं कम बोलने वाला व्यक्ति हूं लेकिन निजी तौर पर कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मुझे अटूट समर्थन दिया है और वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के मेरे सपने को साकार करने में मेरी मदद की है। मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। शीर्ष स्तर के क्रिकेट से संन्यास लेते हुए नारायण ने अपने परिवार, विशेषकर पिता और आसपास के अन्य लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा कि मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज, कोचिंग स्टाफ, उत्साही वेस्टइंडीज प्रशंसकों और निश्चित रूप से अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे सभी प्रारूपों में उच्चतम स्तर पर खेलने में सक्षम बनाया और कुछ यादगार प्रदर्शन किया। नारायण सुपर50 कप प्रतियोगिता में त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए खेल रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी अंतिम लिस्ट ए प्रतियोगिता होगी। नारायण ने हालांकि कहा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट के जरिए खेल से अपना जुड़ाव जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कहने की जरूरत नहीं है कि निकट भविष्य में मैं फ्रैंचाइजी क्रिकेट में खेलता रहूंगा। नारायण अब भंग हो चुकी चैंपियंस लीग टी20 में 2011 के दौरान त्रिनिदाद के लिए खेलते हुए सुर्खियों में आए थे।

# दक्षिण अफ्रीका के कोच वॉल्टर का बयान, कहा- 'पिच में कोई खराबी नहीं हमने 70 -80 रन ज्यादा दिये'

**कोलकाता(एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को भी धूल चटा दी है। इस मुकाबले से पहले ऐसा माना जा रहा था कि साउथ अफ्रीका की टीम भारत को कड़ी टक्कर देगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टीम इंडिया ने टेंबा बावुमा की टीम को 243 रनों से करारी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका की इस हार के बाद ईडन गार्डन्स की पिच को लेकर को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं जिस पर हेड कोच रॉब वाल्टर ने जवाब देकर सबको चुप करा दिया है।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के कोच रॉब वॉल्टर ने पिच पर ठीकरा फोड़ने की बजाय कहा कि यह 326 रन वाली पिच नहीं थी लेकिन उनके गेंदबाजों ने 70-80 रन अधिक दे दिये। भारत के पांच विकेट पर 326 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 83 रन पर आउट हो गई जिससे भारत ने 243 रन से जीत दर्ज की।

वॉल्टर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''पिच को दोष देना गलत होगा। इसी पिच पर एक टीम ने 326 रन बनाये और दूसरी टीम 100 भी नहीं बना सकी। ऐसे में पिच को गलत ठहराना सही नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' यह जरूर कह सकते हैं कि यह 320 रन वाली पिच नहीं थी। हमने 70-80 रन ज्यादा दे दिये। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।''


उन्होंने कहा, ''भारत ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। हर विभाग में। इस टूर्नामेंट में हमने भी दूसरी टीमों के खिलाफ अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय टीम आज हमसे कहीं बेहतर थी।'' उन्होंने ईडन गार्डन पर करीब 65000 दर्शकों के सामने विश्व कप में भारत के खिलाफ खेलने को अपनी टीम के लिये शानदार मौका बताया। वॉल्टर ले कहा ,'' ऐसा मौका बार बार नहीं मिलता। आप खचाखच भरे ईडन गार्डन पर विश्व कप में भारत के खिलाफ खेल रहे थे। सभी खिलाड़ी इसे लेकर रोमांचित थे लेकिन नर्वस नहीं थे।'' नयी गेंद से अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मार्को जेनसन ने ईडन गार्डंस पर लय खो दी और काफी अतिरिक्त रन दिये।

कोच ने हालांकि उनका बचाव करते हुए कहा ,'' इस तरह के मैच में इतने दर्शकों के सामने गेंदबाजी करने से उसे सीखने को मिला होगा। मुझे यकीन है कि वह नॉकआउट चरण में लय में लौटेगा।'' उन्होंने कहा ,'' अच्छी बात यह है कि यह ऐसा मैच नहीं था जिसे जीतना बहुत जरूरी था। यह एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का मौका था। हम अच्छा नहीं खेल सके लेकिन मानसिक और शारीरिक रूप से नये सिरे से तरोताजा होकर वापसी करेंगे।



# वीनस अभी खेल में बनी रहेंगी

लास एंजिल्स । विश्व नंबर की पूर्व एक टेनिस खिलाड़ी अमेरिका की वीनस विलियम्स ने अभी अपने संन्यास की संभावनाओं कों खारिज किया है। वीनस ने कहा कि अभी उनका खेल से दूर होने का इरादा नहीं है वह अगले वर्ष मार्च में होने वाली प्रतियोगिता में वापसी करेंगी। विलियम्स ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने अगले अभी खेल में बने रहना तय किया है। विलियम्स ने कहा कि मैंने अमेरिकी ओपन तक ठीक होने का पूरा प्रयास किया। मैं फॉर्म में नहीं हूं इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च को लक्ष्य बना रही हूं, तभी टूर्नामेंट वापस जाएंगे, इसलिए मेरा लक्ष्य है जब अमेरिकी ओपन टूर्नामेंट वापस आएंगे तो यह शुरु होगा। विलियम्स ने विंबलडन में हार के बाद तीन मुकाबले खेले। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं, इसके बाद सिनसिनाटी में शुरुआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा पर उसे जीत मिली। वह सत्र का आखिरी मैच यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से हार गयी थीं। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी।



# वैशाली और विदित को फिडे ग्रैंड स्विस खिताब, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर वैशाली और विदित गुजराती ने भारत को दोहरी सफलता दिलाते हुए फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और ओपन वर्ग के खिताब जीते तथा प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वैशाली ने रविवार की रात को खेले गए 11वें और अंतिम राउंड में मंगोलिया की बटखुयाग मुंगुटुउल के साथ बाजी ड्रॉ कराई जबकि विदित ने सर्बिया की एलेक्जेंडर प्रेडके को हराकर प्रतियोगिता में अपनी सातवीं जीत दर्ज की और ओपन वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

वैशाली और विदित दोनों ने समान 8.5 अंक बनाए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से आधा अंक के अंतर से खिताब जीते। अगले साल अप्रैल में कनाडा में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिएक्वालीफाई करने के अलावा वैशाली को 25000 अमेरिकी डॉलर (20 लाख रुपये से अधिक), जबकि विदित को 80000 अमेरिकी डॉलर (66 लाख रुपये से अधिक) का पुरस्कार मिला।




महिला वर्ग में दूसरा स्थान यूक्रेन की अन्ना मुज्यचुक को मिला जिन्होंने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैम्लिंग से ड्रॉ खेला। कैंडिडेट्स में जगह बनाने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी तान झोंग्यी थीं जो यहां तीसरे स्थान पर रहीं। मुज्यचुक विश्व महिला कप से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी। ओपन वर्ग में हिकारू नाकामुरा ने भारत के अर्जुन एरिगैसी के साथ बाजी ड्रॉ खेली।

इस तरह से भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अजेय रहा लेकिन उन्हें चौथे स्थान से ही संतोष करना पड़ा। वैशाली ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनके अलावा भारत की पहली महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी के भी भाग लेने की संभावना है। हंपी अपनी ऊंची रेटिंग के कारण इस टूर्नामेंट में जगह बना सकती है लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा जनवरी 2024 में की जाएगी। अभी वैशाली भारतीय शतरंज की नई स्टार हैं। उनकी निगाह यहां स्वर्ण पदक जीतने पर टिकी थी। ग्रैंड मास्टर की उपाधि हासिल करने के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। डी हरिका 2011 में महिला वर्ग से भारत की दूसरी ग्रैंडमास्टर बनी थी।

# पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से 33 लाख रुपये की ठगी

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से ठगी का मामला सामने आया है। आकाश से एक कारोबारी ने करीब 33 लाख रुपये हड़प लिए। इस क्रिकेटर ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। क्रिकेटर से संन्यास के बाद कमेंटेटर बने आकाश ने आगरा में पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि एक कारोबारी कमलेश पारिख और उनके बेटे ध्रुव ने उनसे 33.3 लाख रुपये लौटाये नहीं हैं। दोनों ने उनसे लौटाने की शर्त पर पैसा निवेश करवाया था। आकाश ने कहा है कि उन्होंने कमलेश और ध्रुव के कारोबार में 57.8 लाख रुपये निवेश किए थे। उस समय ध्रुव ने एक माह के अंदर पैसा लौटाने की बात कही थी पर एक साल बाद भी उन्होंने केवल 50 फीसदी पैसा ही दिया। आकाश ने अपनी शिकायत में कहा है, हमने औपचारिक रूप से नोटरीकृत समझौता किया, जिसमें शर्त थी कि ध्रुव को 20 फीसदी मुनाफा होने पर 30 दिनों के भीतर पैसा वापस करना था, और वसूली के लिए पोस्ट-डेटेड चेक भी प्रदान किए गए थे। हालांकि, एक साल बाद भी उन्होंने केवल 24.5 लाख रुपये वापस किए गए हैं, और इसके बाद जारी किए गए दो चेक बाउंस हो गए हैं। चोपड़ा ने मामले के मुख्य आरोपी कमलेश से बात की, जिसने कहा था कि वह उसे रकम का भुगतान कर देगा पर जब जब उन्हें पैसा नहीं मिला तो उन्होंने कानून का सहारा लिया। इसके बाद पिता और पुत्र ने उनकी बातों का जवाब देना ही बंद कर दिया। इस प्रकार उन्हें 33.3 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इन दोनो ही लोगों पर पहले भी इसी प्रकार धोखाधड़ी के आरोप लगे थे।

# पोंटिंग के शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में विराट सहित किसी भी किसी भारतीय को नहीं मिली जगह



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में अपना 49 शतक लगाने के साथ ही महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकार्ड की बराबरी कर ली। अब इस टूर्नामेंट में उनके पास सचिन के रिकार्ड को तोड़ने का अच्छा अवसर है। इसके अलावा विराट ने अपने 500 रन भी पूरे कर लिए हैं। विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम भी गयी है। इसके बाद भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने अभी तक विराट सहित किसी भी भारतीय खिलाड़ी को अपने शीर्ष-3 खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं किया है। वहीं विराट ने इस बार विश्वकप में दो शतक और चार अर्धशतक भी लगाये हैं। वो इस टूर्नामेंट में अपने 500 रन भी पूरे कर चुके हैं। मुश्किल परिस्थिति में लक्ष्य का पीछा करने में वह पारंगत हैं। इसके बाद भी पोंटिंग ने उन्हें क्यों नजरअंदाज किया ये समझ से परे है।

इस विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी आठ मैचों में 55 से अधिक की औसत से 442 रन बना दिए हैं। पोंटिंग ने उन्हें भी अपनी सूची में नहीं नहीं रखा है। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने तीन मैचों में उन्होंने दो बार पांच विकेट लेकर 14 विकेट लिए। इसके अलावा पोंटिंग ने युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को भी पोंटिंग ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। पोंटिंग ने अपने शीर्ष-3 में खिलाड़ियों में अपने ही देश के एडम जम्पा को पहले स्थान पर रखा है। जम्पा ने इस टूर्नामेंट के 7 मैचों में 19 विकेट लिए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक दूसरे स्थान पर हैं। वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में पहले स्थान पर हैं। इसके अलावा आठ मैचों में 16 विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेंसन को भी शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल किया है।

# जोकोविच 40 मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने


पेरिस। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स खिताब जीतने साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड सातवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। जोकोविच इसी के साथ ही 40 मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस जीत के साथ ही वह अब 18 मैचों की जीत की लय के साथ ही सत्र के अंत में एटीपी फाइनल में अपनी जगह बनाएंगी। जोकोविच ने कहा, यह सप्ताह मेरे लिए काफी अहम रहा। मेरे लिए हार के बाद वापसी करना आसान नहीं था। पेरिस ट्रॉफी जीतने के साथ ही जोकोविच ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अपनी बढ़त 1490 अंक तक बढ़ा दी।





# दुल्हन सजे वैस्टर्न और इंडियन लुक में

यदि किसी लड़की को संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की जीती-जागती तस्वीर के रूप में देखना हो तो वे पल उसकी शादी के होते हैं। यही वे पल हैं, जो उसका रूप निखारते हैं। आज की दुल्हन वैस्टर्न और इंडियन लुक के बैलेंस में स्वयं को संवारना चाहती है। पारंपरिक साड़ी और लहंगे को हर बार नए अंदाज में प्रस्तुत कर उसकी इस ख्वाहिश को पूरा करते हैं डिजाइनर्स, यही कारण है कि आऊटफिट तैयार करते हुए दुल्हन के कांप्लैक्शन और फिगर का खास ख्याल रखा जाता है...



## कांप्लैक्शन का ध्यान रखना जरूरी

यदि दुल्हन का रंग गोरा है तो कोई भी रंग बेधड़क पहना जा सकता है। इस मौके पर आप पिंक, फिरोजी, ग्रीन, रैड, सिल्वर या गोल्डन किसी भी कलर को चूज कर सकती हैं। यदि कांप्लैक्शन गेहुंएं रंग का है तो आप पर रूबी, रैड, ऑरेंज, नेवी ब्ल्यू, फिरोजी और ब्ल्यू कलर ज्यादा अच्छे लगेंगे, गोल्ड बेस वर्क के साथ मैरून, मैट गोल्ड वर्क के साथ एमेराल्ड ग्रीन या कॉपर के शेड्स अच्छे लगते हैं। सांवली रंगत वालों को ब्राइट कलर में यैलो,ऑरेंज, रैड एवं ब्ल्यू कलर्स में अपना आऊटफिट तैयार करवाना चाहिए।

## बॉडी शेप

सिर्फ कम्प्लैक्शन के हिसाब से ही नहीं बल्कि बॉडी शेप के अनुसार भी लहंगे और साड़ी का चुनाव किया जाना बहुत जरूरी है ।तभी तो इस दिन आप सबसे अलग नजर आ पाएंगी। परफैक्ट शेप वाली लड़कियों पर हर तरह के स्टाइल का लहंगा जंचता है, इसलिए जो भी फैशन में हो आप बिना टैंशन के पहन सकती हैं। लहंगे के साथ स्ट्रेपी, वन शोल्डर, ऑफ -शोल्डर, डीप बैक में से जिस तरह की भी चोली आपको पसंद हो, बनवाएं। आप एंब्रायडरी फैशन के अनुरूप चुन सकती हैं अर्थात अपना आऊटफिट चुनने में आपको किसी प्रकार की टैंशन नहीं और च्वाइस में बहुत कुछ अवेलेबल है।

हैवी ब्रैस्ट वाली लड़कियों को लाइट वर्क वाली चोली का ही चुनाव करना चाहिए। यदि एम्ब्रायडरी का डिजाइन छोटा हो तो अच्छा लगेगा। यदि कमर के नीचे का हिस्सा हैवी है तो ए-लाइन लहंगा आप पर खूबसूरत लगेगा। फैब्रिक भी सॉफ्ट ही होना चाहिए। फुलावट वाला लहंगा आपको और भी हैवी लुक देगा। फुल स्लीव चोली भी आपकी फिगर को बैलेंस लुक देगी। पतली और लंबी लड़कियों पर कोई भी फैब्रिक अच्छा लगता है। लहंगे के साथ डीप नैक वाली छोटी चोली पहनें तथा दुपट्टा लंबा रखें। आप लंबे स्लीव और हाई नैक लाइन को इगनोर करें। चौड़ी बॉडी वाली लड़कियों को क्रेप या जॉर्जेट अच्छा लुक देगा। स्लिम लुक के लिए डॉर्क शेड में डीप नैक वाली चोली लें। लहंगे का बार्डर पतला और एम्ब्रायडरी वर्टिकल डिजाइन में रखें, आप एलिगैंट नजर आएंगी।

# सर्दी में भी बच्चे रहें सेहतमंद



सर्दी के मौसम में जितनी देखभाल आप खुद की करते हैं उससे कहीं ज्यादा ख्याल अपने बच्चों का भी रखते हैं लेकिन लाख देखभाल करने के बावजूद इस मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी समस्याएं हो ही जाती हैं चूंकि बच्चे अपनी समस्या सही तरीके से बता नहीं पाते और उपचार के दौरान उनसे परहेज कराना भी बड़ा मुश्किल काम होता है, इसलिए बच्चों की खराब सेहत एक बड़ी टैंशन के रूप में सामने आती है। ऐसे में बेहतर तरीका तो यही है कि इस मौसम की नजाकत को समझते हुए बच्चों को सीजनल बीमारियों से बचाने का प्रयास किया जाए।

## बरतें सावधानी

दरअसल, सर्दी के मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम, लंबे समय तक खांसी, इन्फ्लूएंजा, वायरल, फ्लू, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों की आशंका अधिक होती है लेकिन ठंड के मौसम में केवल थोड़ी सी सावधानी बरत कर ही आप अपने बच्चों को कई बीमारियों से दूर रख सकती हैं। हालांकि आम तौर पर बच्चे दवाएं लेने में आनाकानी करते हैं ऐसे में आप बच्चों को सर्दी-जुकाम की शुरूआत होते ही घरों में अदरक-तुलसी आदि का सेवन कराएं। यदि बच्चे को बुखार नहीं है और उसके ऊपरी रैस्पिरेट्री हिस्से सर्दी से प्रभावित हैं तो ये घरेलू उपचार काफी हद -तक उसके लिए फायदेमंद साबित होते हैं लेकिन अगर बच्चे को तीन दिन से अधिक समय तक बुखार और जुकाम हो या फिर 4-5 दिन बिना बुखार के सर्दी टिकी रहे तो अच्छे डॉक्टर से जांच कराने में देर कतई नहीं करें।

# इनका भी रखें ध्यान

- नए ट्रैंड में फिटेड और खूबसूरत कट के लहंगों का फैशन है। फिश कट लहंगा और फिटेड चोली के साथ ए-लाइन घाघरा भी खूब पसंद किए जा रहे हैं।
- दुल्हन के लिए बनारसी एवं सिल्क की गोल्डन और सिल्वर वर्क के साथ साडि़यां ही पहली पसंद में शामिल रहती हैं। हालांकि हैवी वर्क के साथ शिफॉन, क्रेप और जॉर्जेट की साडि़यों का चलन भी बढ़ा है।
- साड़ी एवं लहंगा दोनों में मिरर, गोटा एवं पर्ल वर्क इन फैशन है। एंटीक गोल्ड, क्रिस्टल वर्क ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। कुंदन वर्क एवं सितारा वर्क के साथ थ्रैड वर्क, क्लासिक वर्क तथा कटैंपरेरी वर्क का खूबसूरत कांबीनेशन भी बेहद पसंद किया जाता है।
- मोटी लड़कियों को साड़ी के अंदर स्ट्रेट कट या नॉन प्लेयर्ड पेटीकोट यूज करना चाहिए। इससे आप थोड़ा स्लिम लगेंगी। आपको शिफॉन, क्रेप और जॉर्जेट की साडियां पहननी चाहिए।

# मैचिंग ड्रैस से बनें परफैक्ट

नई-नई शादी हुई हो तो हसबैंड और वाइफ दोनों ही अलग लुक में नजर आना चाहते हैं। खास तौर से डिनरलाइट पार्टीज, त्यौहारों एवं पारिवारिक समारोहों पर, ऐसे में मैचिंग ड्रैस एक परफैक्ट आप्शन नजर आता है जिसे आमतौर पर सैलीब्रिटीज कपल कैरी करते हैं। मौसम और समय के अनुसार आप रंग चुन सकते हैं या चाहें तो मैचिंग कंट्रास्ट भी कर सकते हैं। वास्तव में यह प्रेम को अभिव्यक्त करने के साथ ही रचनात्मकता और कुछ अलग करने की संतुष्टि भी प्रदान करता है।

## ट्रैडिशनल लुक में सजें

इस रेंज में पत्नी के पास लहंगा, साड़ी, सलवार-सूट, गरारा और अनारकली जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं, तो पति भी उनके साथ कुर्ता-पायजामा, धोती-कुर्ता या शेरवानी जैसे ट्रैडिशनल परिधान चुन सकते हैं। यूं तो ट्रैडिशनल ड्रैसेज में केवल लाल, नारंगी, पीला रंग ही पसंद किया जाता था, परंतु अब आप रेडियम ग्रीन, ब्ल्यू या पर्पल, आइस ब्ल्यू, लीफ ग्रीन आदि से लेकर क्रीम और चॉकलेट कलर भी इस कैटेगरी में पसंद कर सकती हैं। अपने लहंगे, साड़ी या सलवार सूट की मैचिंग के हिसाब से पतिदेव के लिए उसी कलर में पाइपिंग, लाइनिंग या एम्ब्रायडरी वाला कुर्ता या शेरवानी चुनें।

यदि पतिदेव एक जैसे रंगों वाले परिधान नहीं चाहते तो आप उनके कुर्ते की नैक और स्लीव्स पर सेम कलर की हल्की एम्ब्रायडरी के साथ अपनी ड्रैस के कलर से मैचिंग चूड़ीदार पायजामा या धोती चुन लें या फिर उनके लिए मैचिंग स्टोल लें, इससे भी आप मैचिंग ड्रैस का लुत्फ उठा सकती हैं।

**मॉडर्न** - यह एक ऐसा ऑप्शन है जिसमें मैचिंग से किसी भी पति को एतराज नहीं हो सकता। यदि आप शानदार ईवनिंग गाऊन या फुल लैंथ ड्रैस पहन रही हैं तो उनके लिए थ्री पीस सूट, सामान्य सूट या फिर जींस के साथ अट्रैक्टिव एम्ब्रायडरी वाली शेरवानी निकाल लें। आप दोनों सब लोगों में अलग एवं आकर्षक नजर आएंगे। इसके अलावा पति के सूट या टाई से मैच करता आपका गाऊन भी एक अच्छा विकल्प है।

**एक्सैसरीज** - फुटवियर, वॉच, पर्स, बैग, क्लच, ब्रेसलैट, नैकलेस, बैल्ट, ईयररिंग्स या फिर बीडेड ज्यूलरी इत्यादि ढेर सारे ऑप्शंस हैं जो आप दोनों एक-दूसरे के ड्रैसअप के लिहाज से मैच कर सकते हैं। यहां आप अपनी पूरी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।



# लुक कूल विद हॉट स्टोल

फैशन का अंदाज हमेशा बदलता रहता है। मौसम की नजाकत के हिसाब से ही फैशन बाजार में अपना स्थान बना पाता है। इस समय सर्दी अपने पूरे शबाब पर है, ऐसे में खूबसूरत ड्रैसेस के साथ स्टाइल बनाए रखने के लिए स्टाइलिश स्टोल्स इन हैं। इनसे ठंड से तो बचाव होगा ही बल्कि ड्रैसेस की खूबसूरती भी बरकरार रहेगी...



ठंड दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बाहर निकलने से पहले ढ़ेर सारे गर्म कपड़े, स्वैटर, जैकेट पहनने पड़ते हैं। लेकिन यह साल का बैस्ट फैशन टाइम भी होता है। सर्दी का मौसम फैशन के लिहाज से बहुत हॉट होता है। फैशन के दीवाने, सर्दी के इस मौसम में भी फैशनेबल दिखना चाहते हैं, पर साथ ही खुद को ठंड से बचाए रखना भी चाहते हैं। युवा इस कूल सीजन में खुद को हॉट बनाए रखने के लिए अपना फैशन स्टेटमेंट भी खूबसूरती के साथ चेंज करते हैं। इसलिए स्टाइलिश और डिफरैंट लुक के लिए उनकी पसंद होती है ऐसा विंटर वियर जिससे उनकी डिजाइनर ड्रैस पूरी तरह ढंके नहीं और साथ ही उनका स्टाइल भी बरकरार रहे।

सर्दी से बचाव के साथ ही यदि इसमें फैशन के रंग भी शामिल हो जाएं तो क्या बात है। विंटर में ट्रेंडी और स्टाइलिश अंदाज में रहने के लिए स्टोल्स खूब पसंद किए जा रहे हैं। स्टोल्स की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये आपकी ड्रैस को नोटिसेबल फ्लेयर देते हैं। वूलन और सिल्क से बने ये स्टोल्स स्मार्ट और डिफरेंट लुक्स भी दे रहे हैं। विभिन्न रंगों में उपलब्ध होने के कारण लड़कियों में इसकी खरीदारी जोरों पर चल रही है। ड्राइव करते समय या सर्दी में अपने चेहरे को ठंडी हवा और बेजान होने से बचाने के लिए लड़कियां इन स्टोल्स को पहनना पंसद कर रही हैं।

## स्टोल्स का स्टाइल

स्टोल यानी चौकोर कपड़े का एक ऐसा टुकड़ा, जो इंडियन दुपट्टे और स्कार्फ का ही एक रूप है। हर कोई स्टोल्स पहनना पसंद कर रहा है। हर उम्र और मिजाज के लोग इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। स्टोल पहनने के कई तरीके हैं। आप अपने रंग-रूप और आउटफिट के हिसाब से स्टोल को कई तरीके से पहन सकती हैं। ज्यादातर महिलाएं इसे गले में हार की तरह दो बार घुमा कर डालती हैं और यह गले और गर्दन को पूरी तरह ढंक देता है। इन्हें गांठ बांधकर या फिर पिनअप करके भी पहना जा सकता है। लम्बे स्टोल को गले में कॉलर वाली शर्ट या स्वैटर के साथ डाल सकती हैं। जींस और शर्ट के साथ सिंपल पोल्का डॉट्स वाले स्टोल को गले में बांध सकती हैं और यदि आप थोड़ी बिंदास दिखना चाहती हैं तो इसे सिर पर भी बांध सकती हैं। कैजुअल दिखने के लिए आप स्टोल को गले में बिना गांठ बांधे भी डाल सकती हैं। पुरुष स्टोल को स्कार्फ की तरह इस्तेमाल करते हैं। पुरुषों के स्टोल्स यूनिसैक्स रंगों और फैब्रिक में आते हैं। इन्हें फॉर्मल और कैजुअल दोनों तरह की ड्रैसेस के साथ पहन सकते हैं। फॉर्मल वियर के साथ इसे नॉट लगाकर पहन सकते हैं, जिसके सिरे या तो चैस्ट तक लंबे हों या फिर आपके कोट की लंबाई के बराबर।

## स्टाइलिश लुक

एक्सैसरीज में स्टोल्स का क्रेज बढ़ रहा है। यही वजह है कि युवतियां शॉल की बजाय स्टोल्स पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। अगर इनका चयन अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से किया जाए, तो कॉलेज जाना हो या फिर किसी पार्टी में स्टोल्स आपको बहुत डैशिंग लुक देते हैं। स्टोल्स इंडियन व वैस्टर्न दोनों तरह की ड्रैसेज पर फबते हैं। जींस, टॉप, कैप्री व स्कर्ट्स पर ये स्टोल्स कूल लुक देते हैं। इसे आप सलवार सूट के साथ भी कैरी कर सकती हैं। अगर आप इन्हें जींस के साथ मैच करके पहनना चाहती हैं, तो पतला फोल्ड बनाकर मफलर लुक में कैरी कर सकती हैं। स्कर्ट पर पतला फोल्ड करके इसके दोनों सिरे आगे की तरफ लेकर डाल सकती हैं।

## सॉफ्ट एंड कंर्फटेबल

माना जाता है कि सर्दियों में गले को बचाना, उसे ढंक कर रखना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे शरीर की कई नाजुक नसें गले से जुड़ी होती हैं इसलिए सर्दियों में गले को बचाना जरूरी है। स्टोल्स को गले में मफलर की ही तरह लपेटा जाता है। सर्दियों में आमतौर पर लंबे स्टोल कैरी किए जाते हैं, जिन्हें गले में डालकर गर्दन, कान और चेहरे को ठंड से बचाया जा सकता है। इस तरह ये आपको एक स्टाइलिश फैशनेबल लुक तो देते ही हैं, साथ ही आपका ठंड से बचाव भी करते हैं। स्टोल्स मफलर से ज्यादा हल्के, काफी गर्म और बेहद सॉफ्ट फैब्रिक में होते हैं। इसलिए ये बेहद कंर्फटेबल होते हैं और सर्दी से बचाव करने में बेजोड़।

## मैचिंग एंड कंट्रास्ट

स्टोल्स के इतना लोकप्रिय होने का एक कारण यह भी है कि ये बहुत ही किफायती होते हैं, इनमें रंगों की बड़ी वैरायटी मिल जाती है और डिजाइंस की भरमार रहती है। इसके चलते यंगस्टर्स अपनी ड्रैसेस के साथ मैचिंग रंगों वाले स्टोल्स खूब खरीदती हैं। कई लोग इन्हें अपनी ड्रैस के कलर के अपोजिट कंट्रास्ट रूप में भी डालना पसंद करती हैं। स्टोल यदि आपकी आउटफिट के साथ कॉन्ट्रास्ट में होगा तो ज्यादा हॉट लुक देगा। इसलिए यदि आप ब्लैक ड्रैस ट्राई कर रही हैं तो कलरफुल स्टोल आपको ज्यादा स्मार्ट और खूबसूरत लुक देगा।

## सिल्क स्टोल्स हैं लाजवाब

सिल्क व वूलन मिक्स से बने स्टोल्स इन दिनों महिलाओं व युवतियों की पहली पसंद बने हुए हैं। इस सीजन में थोड़ा हटकर ट्राई करें। इस मौसम में फैब्रिक का सबसे ज्यादा महत्व है। सिल्की टच लिए स्टोल्स अपने रिच लुक के कारण ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। सिल्क स्टोल कई शेप्स, डिजाइन और कलर्स में आप खरीद सकती हैं। स्कवेयर सिल्क स्टोल लड़कियां ज्यादा प्रेफर करती हैं क्योंकि यह औरों से अलग लुक देता है साथ ही इसे ज्यादा आसानी से कैरी किया जा सकता है। हालांकि कड़ाके की ठंड में वूलन स्टोल्स ही आपको गर्माहट देगा। कैजुअल लुक के लिए चैकी व प्लेन स्टोल्स खासतौर से युवतियों को पसंद आ रहे हैं। कॉटन के स्टोल में ब्राइट कलर्स जैसे गोल्डन, ब्लू, ब्राउन और रेड खास हैं। इन दिनों एनिमल प्रिंट और फ्लोरल प्रिंट्र वाले स्टोल ट्रैंड में हैं। एनिमल प्रिंट के स्टोल से बोल्डनैस भी झलकती है और खूबसरती भी। फ्लोरल प्रिंट के स्टोल्स का अंदाज औरों से जुदा ही होता ह। ये कैरी करने में तो अच्छे लगते ही हैं, साथ हीफैमिनिन लुक भी देते हैं। डिजाइनर्स स्टोल्स भी युवतियों को अट्रैक्ट रहे हैं, जिनमें कांथा वर्क, ब्रॉकेट की बॉडर्स फैशन में है। वूलन स्टोल प्योर वूल से बनाई जाती हैं और काफी गर्म होती हैं। इन्हें हर उम्र के लोग इस्तेमाल कर सकते हैं। कश्मीरी स्टोल को कॉटन व वूल को मिलाकर बनाया जाता है। यह युवाओं के लिए खास है। पशमीना स्टोल सबसे सॉफ्ट व हल्की होती है। लाइट वेट होने की वजह से इसे यंगस्टर्स पसंद करते हैं। रॉ सिल्क स्टोल हाथ से बनाए जाते हैं। फैदर स्टोल बेहद फैंसी होती हैं। हैंडलूम स्टोल हाथ से बनती हैं, जो अलग लुक वाली व डिजाइनर होती हैं। ऑक फॉरेस्ट सिल्क स्टोल में सिल्ककी सॉफ्टनैस और वूल की गर्माहट का मिश्रण होता है।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पाक में नेगलेरिया फाउलेरी संक्रमण से 11 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के कई प्रांत दिमाग खाने वाले एक अमीबा की चपेट में हैं। इस अमीबा को नेगलेरिया फाउलेरी के नाम से जाना जाता है। सिंध स्वास्थ्य विभाग के हवाले से रविवार को बताया कि दिमाग खाने वाले अमीबा नेगलेरिया फाउलेरी ने कराची में एक और मरीज की जान ले ली है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, महानगर के बफरजोन कराची निवासी एक व्यक्ति की मौत नेगलेरिया के कारण हुई। सिंध स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने कहा, वह पिछले तीन दिनों से बुखार और सिरदर्द से पीड़ित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर को मस्तिष्क खाने वाले अमीबा ने कराची में एक शख्स की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बंदरगाह शहर के न्यू कराची निवासी 45 वर्षीय अदनान की मौत नेगलेरिया के कारण हुई। सिंध स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पूरे प्रांत में नेगलेरिया फाउलेरी संक्रमण (एनएफआई) के कारण अब तक 11 लोगों की जान जा चुकी है। सिंध के कार्यवाहक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. साद खालिद ने कराची के लोगों से नेगलेरिया फाउलेरी का शिकार बनने से बचने के लिए निवारक उपाय करने को कहा है। यह एक दुर्लभ लेकिन जलजनित घातक अमीबा है जो ताजे पानी के स्रोतों में पनपता है। खालिद नियाज़ ने जनता से उन पूलों में तैरने से परहेज करने का आग्रह किया, जिनका ठीक से क्लोरीनीकरण नहीं किया गया है। उन्होंने जनता को उन सभी गतिविधियों से बचने को कहा है जिनसे नाक में पानी प्रवेश कर सकता है।

## अगले चार साल तक विश्व बैंक करेगा अंतरराष्ट्रीय निधि की निगरानी

### -जलवायु परिवर्तन से प्रभावित गरीब देशों के वित्त पोषण पर हुई बैठक

अबू धाबी । अगले चार साल तक विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय निधि की निगरानी करेगा। यह निर्णय जलवायु परिवर्तन से प्रभावित गरीब देशों के वित्त पोषण पर हुई बैठक में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अबू धाबी में खत्म हुई और बैठक में भाग लेने वाले लोगों ने इस बात पर सहमति जतायी है। हालां ?कि इस दौरान वैश्विक तापमान में वृद्धि से सबसे अधिक प्रभावित गरीब देशों की मदद करने के लिए स्थापित अंतरराष्ट्रीय निधि पर अंतिम बैठक में तनावपूर्ण बातचीत हुई। बैठक में अमेरिका और कई विकासशील देशों ने समझौते के मसौदे पर निराशा जतायी है जिसे इस महीने दुबई में होने वाली सीओपी-28 जलवायु शिखर वार्ता में हस्ताक्षर के लिए वैश्विक नेताओं के पास भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार अबू धाबी में बातचीत में शामिल हुए अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि उन्हें भले ही समझौता होने की खुशी है, लेकिन इस बात का खेद है कि कोष में दान स्वैच्छिक रूप से देने के लिए वार्ताकारों के बीच बनी सहमति अंतिम समझौते में दिखायी नहीं दी। बैठके के दौरान समझौते में निधि के इस्तेमाल के लिए बुनियादी लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है जिसमें 2024 में इसकी शुरुआत और इसे कैसे लागू किया जाएगा और कौन इसकी निगरानी करेगा जैसी बातें शामिल हैं। बैठक में बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली के जलवायु वित्त पोषण पर विशेष दूत अविनाश परसौद ने कहा कि यह समझौता चुनौतीपूर्ण लेकिन महत्वपूर्ण परिणाम था। परसौद ने बैठकों में लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों की तरफ से बातचीत की। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते पर पहुंचने में विफलता का सीओपी पर लंबा प्रभाव पड़ेगा। मिस्र के प्रमुख वार्ताकार मोहम्मद नासिर ने कहा ?कि यह कुछ उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम है।

## ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट ने पूर्व भारतीय राजदूत को दिया मुआवजा देने का आदेश

कैनबरा । ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने एक पूर्व भारतीय राजदूत को मुआवजा देने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक कैनबरा में भारत के पूर्व उच्चायुक्त नवदीप सिंह सूरी को अपने पूर्व घरेलू कर्मचारी को हजारों डॉलर मुआवजे के तौर पर देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि महिला कर्मचारी ने सूरी पर अनुचित कामकाजी परिस्थितियों में काम कराने का आरोप लगाया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने नयी दिल्ली में कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई अदालत में एक पक्षीय कार्यवाही है। रिपोर्ट में कहा कि संघीय अदालत की न्यायाधीश एलिजाबेथ रैपर ने सूरी को 60 दिन के भीतर सीमा शेरगिल को 1,36,000 डॉलर और ब्याज का भुगतान करने का आदेश दिया। बता दें ?कि शेरगिल ने अप्रैल 2015 में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी और कैनबरा स्थित सूरी के घर पर एक वर्ष तक काम किया था। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि शेरगिल को आधिकारिक पासपोर्ट जारी किया गया था और 2016 में उसे भारत लौटने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने सरकारी आदेश नहीं माने। अधिकारी के अनुसार शेरगिल ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता ले ली और इस बात को मानने के कारण हैं कि उसने उस देश में रहने के इरादे से मामला दायर किया है। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी को किसी प्रकार की कोई शिकायत थी, तो उसे भारत लौटना चाहिए था और सक्षम अधिकारियों या किसी अदालत से संपर्क करना चाहिए था। हालांकि विदेश मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलिया की अदालत के फैसले पर अभी किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से जबकि संघीय अदालत को बताया गया कि शेरगिल ने सप्ताह में सात दिन प्रतिदिन 17.5 घंटे काम किया था।

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक पहुंचे इजरायल दौरे पर

तेल अवीव । हमास के साथ जारी जंग के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक विलियम जे बर्न्स नेताओं और खुफिया अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए इजरायल पहुंचे। सीआईए चीफ विलियम बर्न्स का इस क्षेत्र में एक बहु-देशीय यात्रा का पहला पड़ाव है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका इजरायल को हमास पर हमला करने के लिए अधिक लक्षित दृष्टिकोण अपनाने, गाजा में मदद के लिए प्रवेश के लिए लड़ाई रोकने और नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए और अधिक प्रयास करने की कोशिश कर रहा है। वॉशिंगटन तेल अवीव के साथ अपनी खुफिया जानकारी साझा करने का भी विस्तार करना चाहता है, जो बंधकों के स्थानों या हमास द्वारा किसी भी काउंटर अटैक के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान कर सकता है। एक अमेरिकी अधिकारी ने विलियम बर्न्स की यात्रा के बारे में कहा कि उन्होंने क्षेत्र में भागीदारों के साथ खुफिया सहयोग के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की योजना बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि विलियम बर्न्स गाजा की स्थिति के बारे में चर्चा के लिए कई मध्य पूर्वी देशों की यात्रा करेंगे। इसी बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार की देर रात अचानक इराक पहुंच गए और इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच इजरायल-हमास के टकराव पर चर्चा हुई। ब्लिंकन की यात्रा पहले से कोई प्लान नहीं था, और वह अचानक इराक पहुंचे। इससे पहले वह साइप्रस में भी रुके और गाजा में समुद्री मार्ग से मदद भेजने पर भी अधिकारियों से चर्चा की।

## अमेरिकी ड्रोन इजरायली बंधकों को ढूंढने कर रहा मदद

गाजा। इजरायली बंधकों की तलाश करने में मदद के लिए अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की पहले खेप गाजा पहुंच चुकी है। इन यूएवी बहुल एमक्यृ-9 रीपर ड्रोन को अब गाजा के हवाई क्षेत्र के ऊपर भेजा जा चुका है जहां ये इजरायली सेना के साथ तालमेल बनाते हुए बंधकों की तलाश कर रहे हैं। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट रायडर का कहना है कि ड्रोन बंधकों की तलाश के प्रयासों में मदद कर रहे हैं जो करीब एक महीने से हमास के कब्जे में है। इजरायल हमास युद्ध की शुरुआत हुए एक महीना हो गया है। पिछले महीने की 7 तारीख को हमास के इजरायल के हमले के बाद शुरू हुआ इजरायल हमास युद्ध में इजरायल लगातार गाजा पर हमास के ठिकानों पर चुन चुन कर हमले कर रहा है। लेकिन एक महीने से 200 से भी अधिक इजरायली बंधक हमास के कब्जे में हैं जिन्हें गाजा में ही कहीं रखा गया है। माना जा रहा है कि हमास ने इन बंधकों को गाजा की सुरंगों में रखा है। लेकिन इनकी तलाश अब भी जारी है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स का विकसिक किया गया अनमैन्ड एरियल व्हीकल, यानी यूएवी है। यह 50 हजार फुट की ऊंचाई पर जा सकता और 27 घंटों तक निगारानी करने का काम बिना रुके, लगातार कर सकता है। इसमें उन्नत तकनीकी वाले कैमरा, सेंसर्स, राडार सिस्टम, लगे होते हैं जिससे यह एक बहुत ही शक्तिशाली इंटेलिजेंट गैदरिंग टूल माना जाता है।



जकार्ता में लोग हाई स्पीड ट्रेन के मॉडल के साथ तस्वीरें खिंचाते हुए।

## वैज्ञानिक की चेतावनी, एलियंस से संपर्क करना मुसीबत ला सकता

वाशिंगटन। इनदिनों इंसान जिस चीज के बारे में सबसे ज्यादा जानने समझने की कोशिश में है, वे एलियंस हैं। यानी संभवत- दूसरे ग्रह पर रहने वाले प्राणी। कोई इन्हें खतरनाक मानता है, तब कोई उन्हें इंसानों से कहीं ज्यादा इंटैलिजेंट और एडवांस मानता है। एलियंस से संपर्क को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। इस बीच यूएक के कैलिफोर्निया में सीनियर प्लैनेटरी एस्ट्रोनॉमर, डॉ फ्रैंक मार्चिस ने एलियंस को लेकर एक चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि इंसानों को एलियंस से कॉन्टैक्ट की कोशिश छोड़ देनी चाहिए वरना हम सब बड़ी मुसीबत में पड़ जाएंगे। 2021 में, फिजिसिस्ट मार्क बुकानन ने दावा किया था कि एलियंस से संपर्क करना खतरनाक होगा। इसके बाद इस सप्ताह, मार्क के इसी बयान पर बात करते हुए, डॉ.मार्चिस ने एलियंस की तुलना चींटियों से कर कहा अगर वे हमसे मिलने के लिए धरती तक आ सकते हैं, तब उनकी तकनीक शायद हमसे बहुत आगे होगी, जिसमें शायद लाइट की स्पीड से भी तेज ट्रैवल करने का तरीका शामिल है। उन्होंने कहा अगर वे हमें पसंद नहीं करते हैं या हमें बुद्धिमान नहीं मानते हैं, तब वे शायद हमें जल्दी ही मिटा सकते हैं। फिल्म एलियंस की तरह वे चींटियों जैसे हो सकते हैं, जिनकी प्रभारी कोई रानी होती है। इधर, नासा ने इससे कतई इनकार नहीं किया कि पृथ्वी के चारों ओर उड़ते हुए देखे गए कई यूएफओ/यूएपी किसी अन्य दुनिया के प्राणियों के थे। और अंतरिक्ष एजेंसी ने किसी उस व्यक्ति को भी नियुक्त किया है जिसका एकमात्र काम एलियन हंटिंग है। दुनियाभर में कई जगह आए दिन यूएफओ देखे जा रहे हैं। पिछले साल अमेरिका की एक सरकारी रिपोर्ट थी, जिसमें कहा गया था कि साल 2004 तक 140 मामले सामने आए थे, जिसमें एलियन स्पेसशिप देखे गए थे।

# नागरिक धोखाधड़ी केस में ट्रंप देंगे गवाही, दांव पर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का व्यापारिक साम्राज्य

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प अपने नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गवाही देने के लिए मैनहट्टन अदालत में उपस्थित होने वाले हैं। राष्ट्रपति और प्रमुख रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार खुद को आरोपों के खिलाफ बचाव कर रहे हैं कि उन्होंने नाटकीय रूप से अपनी निवल संपत्ति बढ़ा दी है। लेकिन यह उपस्थिति उस शुरुआत को भी चिह्नित कर सकती है जो 2024 के चुनाव की एक परिभाषित विशेषता होगी यदि ट्रम्प उनकी पार्टी के उम्मीदवार बन जाते हैं-एक प्रमुख उम्मीदवार, परीक्षण पर गवाह स्टैंड को एक अभियान मंच के रूप में उपयोग कर रहा है क्योंकि वह व्हाइट में वापसी पर नजर रखता है।

राष्ट्रपति के इतिहासकार डगलस ब्रिंकले ने कहा कि यह एक आश्चर्यजनक क्षण होने वाला है। यह काफी नाटकीय है अगर वह इन आरोपों का सामना करने वाले सिर्फ एक पूर्व राष्ट्रपति थे। लेकिन तथ्य यह है कि वह जीओपी चलाने के लिए सबसे पसंदीदा हैं, यह इसे एक चौंका देने वाला सोमवार बनाता है। 60 सेंटर स्ट्रीट का कोर्ट रूम पहले से ही ट्रम्प के लिए एक परिचित स्थल बन गया है। उन्होंने पिछले महीने स्वेच्छा से रक्षा मेज पर बैठकर कार्यवाही का अवलोकन करते हुए कई घंटे बिताए हैं। आंशिक प्रतिबंध आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगने के बाद ट्रम्प ने एक बार अप्रत्याशित रूप से और संक्षिप्त रूप से रुख अपनाया।

ट्रम्प ने नियमों का उल्लंघन करने से इनकार किया, लेकिन न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन असहमत थे और फिर भी उन पर जुर्माना लगाया। उनका अधिकांश भाषण अदालत कक्ष के बाहर हुआ है, जहां उन्होंने अपने आक्रोश को व्यक्त करने और दिन की कार्यवाही को सबसे अनुकूल तरीके से पेश करने के लिए एकत्रित मीडिया के बैंक का पूरा फायदा उठाया है।



## फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास व इराकी प्रधानमंत्री अल-सुदानी से की ब्लिंकन ने बातचीत


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास व इराकी प्रधानमंत्री अल-सुदानी से बातचीत की है। उन्होंने रविवार को वेस्ट बैंक में फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को आश्वस्त करते हुए कहा कि अमेरिकी प्रशासन गाजा के नागरिकों की स्थिति में सुधार लाने के प्रयास तेज कर रहा है और उन्होंने जोर दिया कि संघर्ष के बाद क्षेत्र में जो भी होगा, उसमें फलस्तीनियों की मुख्य भूमिका होनी चाहिए।बाद में ब्लिंकन इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के साथ बातचीत करने के लिए बगदाद रवाना हुए। जबकि इराक और अन्य स्थानों पर ईरान समर्थित मिलिशिया के क्षेत्र में अमेरिकी बलों पर हमले बढ़ रहे हैं। बगदाद से ब्लिंकन तुर्किये के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है कि बिना किसी पूर्व घोषणा के ब्लिंकन ने कड़ी सुरक्षा के बीच बख्तरबंद वाहनों से रामल्ला की यात्रा की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा के नागरिकों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्धविराम के अमेरिकी प्रस्ताव पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

ब्लिंकन ने रविवार को पत्रकारों से इस मामले पर कहा कि यह एक प्रक्रिया है। इजराइल ने कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं कि मानवीय संघर्षविराम कैसे काम करेगा। हमें उन सवालों का जवाब देना होगा जिसमें यह भी शामिल है कि संघर्षविराम से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों पर क्या असर पड़ेगा। हम उस पर काम कर रहे हैं। ब्लिंकन ने वेस्ट बैंक में अब्बास से ऐसे वक्त में मुलाकात की जब उसी दिन इजराइली विमानों ने गाजा में दो शरणार्थी शिविरों पर बमबारी की जिसमें कम से कम 53 लोगों की मौत हो गयी। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रामल्ला में ब्लिंकन के आने की खबर फैलने के बाद बड़ी संख्या में फलस्तीनियों ने इजराइल युद्ध को अमेरिका द्वारा दिए जा रहे समर्थन के विरोध में प्रदर्शन किए।

जानकारी के अनुसार कैमरों के सामने एक-दूसरे का अभिवादन करते समय न तो ब्लिंकन और न ही अब्बास ने कुछ बोला और उनकी बैठक के बाद कोई सार्वजनिक बयान भी जारी नहीं किया गया। ब्लिंकन ने बगदाद में कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण 'वेस्ट बैंक में स्थिरता बनाए रखने की कोशिश में वहां बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह काफी अहम है क्योंकि कोई भी वेस्ट बैंक या कहीं अन्य कोई संघर्ष नहीं चाहता।' उन्होंने कहा कि हम सभी इस पर सहमत हुए कि गाजा, वेस्ट बैंक और आखिरकार फलस्तीन के भविष्य को आकार देने में फलस्तीनी आवाज को केंद्र में होना चाहिए।

# पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से कॉल पर की बात, इजरायल-हमास संघर्ष को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी से बात की। जहां उन्होंने मध्य पूर्व की कठिन स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। बातचीत के दौरान, भारतीय नेताओं ने कहा कि आतंकवादी घटनाएं, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि गंभीर चिंताएं थीं और उन्होंने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया क्षेत्र की कठिन स्थिति और इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री



ने आतंकवादी घटनाओं, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति को दोहराया। राष्ट्रपति रायसी ने स्थिति का अपना आकलन साझा किया। दोनों नेताओं ने तनाव को रोकने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की भी समीक्षा की और सकारात्मक मूल्यांकन किया। उन्होंने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार के लिए ईरान में चाबहार बंदरगाह पर ध्यान केंद्रित करने और प्राथमिकता देने का स्वागत किया।

## आईडीएफ ने गाजा को दो हिस्सों में बांटा, संचार सेवाएं भी हुई ठप

**गाजा (एजेंसी)।** एक महीने से गाजा में इजराइली सेना बमबारी कर रही है। यहां लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। बुनियादी जरुरतें भी पूरी नहीं हो रही है। न भोजन है और न पानी। अब संचार सेवाएं भी ठप हो गई हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ जारी युद्ध के तहत गाजा सिटी की घेराबंदी कर तटीय पट्टी को दो भागों में विभाजित कर दिया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। गाजा में रविवार को तीसरी बार संचार सेवा फिर से ठप हो गई। इजराइली सेना के रियर एडमिरल डेनियर हैगारी ने संवाददाताओं से कहा, 'अब उत्तर गाजा और दक्षिण गाजा को विभाजित किया गया है। उन्होंने इसे गाजा पर शासन कर रहे हमास के आतंकवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध में 'अहम चरण बताया। इजराइली मीडिया के अनुसार, सैन्य बलों के आगामी 48 घंटे में गाजा पट्टी में घुसने की संभावना हैं। उत्तरी गाजा में रात भर जोरदार विस्फोट हुए। इंटरनेट तक पहुंच का समर्थन करने वाले समूह संचार सेवा ठप होने की जानकारी दी और फलस्तीनी दूरसंचार कंपनी पालटेल ने भी इसकी सूचना दी। संचार सेवा ठप हो जाने के कारण सैन्य अभियान के नए चरण की जानकारी लोगों तक पहुंचाना जटिल हो गया है। इससे पूर्व भी गाजा में पहले 36 घंटे और दूसरी बार कुछ घंटे संचार सेवा ठप रही थी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल-हमास संघर्ष पर अपनी पश्चिम एशिया कूटनीति के तहत अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक के रामल्ला का दौरा किया और फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

# हैम्बर्ग विमानतल से उड़ाने हुईं फिर बहाल

### -एक व्यक्ति के हमले और आगजनी के बाद शनिवार रात से किया गया था बंद

**हैम्बर्ग (एजेंसी)।** जर्मनी का मुख्य विमानतल हैम्बर्ग सुरक्षित उड़ान के लिए फिर बहाल हो गया है। गौरतलब है कि एक विमान के पास कार पार्किंग, गोलीबारी और आगजनी की घटना से मची हड़कम्प के बाद शनिवार की रात हैम्बर्ग विमानतल को बंद कर दिया गया था।



इससे पहले उड़ाने रद्द होने से प्रतीक्षारत यात्रियों को सुरक्षित रूप से होटलों में शिफ्ट करना पड़ा। रद्द उड़ानों में डोमेस्टिक के साथ इंटरनेशनल उड़ानें भी शामिल थी। पर अब हैम्बर्ग एयरपोर्ट फिर से पूरी तरह खुल गया है। हालांकि कुछ उड़ानों को र?विवार को ही शुरू कर दिया गया था, पर अब उड़ाने पहले की ही तरह सामान्य तौर पर शुरू हो गईं।

गौरतलब है कि जर्मनी के हैम्बर्ग एयरपोर्ट में शनिवार रात लोकल समयानुसार करीब 10 बजे बंदूको के साथ एक 35 वर्षीय आदमी हैम्बर्ग एयरपोर्ट के टरमैक पर अपनी कार में सिक्योरिटी बैरियर्स को तोड़ते हुए घुस गया। कार में उसके साथ उसकी 4 साल की बच्ची भी थी। आदमी ने कार को एक प्लेन के बीचे पार्क किया और फिर कार से निकलकर पहले हवा में दो बार गोलीबारी की। उसके बाद उसने अपनी कार से जलती बोतलें निकालकर फेंकी जिससे वहाँ आग लग गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टनल के ज़रिए वहाँ खड़े विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों को एयरपोर्ट से होटलों में शिफ्ट कर दिया गया।

एयरपोर्ट पर हंगामा करने वाले आदमी ने किसी पर हमला करने की कोशिश नहीं की। रविवार की दोपहर करीब 18 घंटे बाद मामला शांत हुआ। एक मनोचिकित्सक ने लगातार उस आदमी से बात की और उसे शांत किया। इसके बाद वह एयरपोर्ट टरमैक छोड़कर चला गया, पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उसने गिरफ्तारी का विरोध नहीं किया।

जानकारी के अनुसार आरोपी की पत्नी से विवाद हो गया था। साथ ही वह अपनी बेटी की कस्टडी भी चाहता था पर उसकी पत्नी इसके खिलाफ थी। इसी वजह से वह अपनी बेटी को लेकर एयरपोर्ट चला गया जहाँ से वह तुर्की जाने का प्लान बना रहा था। उसकी पत्नी ने भी उसकी शिकायत की थी कि वह बेटी को लेकर भाग गया है।

# शरणार्थी शिविरों पर इजराइली हमले से बड़ी संख्या में हुई लोगों की मौत

### -बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्लिंकन की अपील ठुकराई, हमास के खिलाफ जारी रहेंगे हमले

**गाजा (एजेंसी)।** इजराइल के युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविरों पर बम बरसाए, इससे अनेक लोगों की मौत होने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार मध्य गाजा पट्टी में रविवार को दो शरणार्थी शिविरों पर हमला किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। वहीं इजराइल-हमास संघर्ष पर बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्लिंकन की अपील ठुकरा दी है। अपनी पश्चिम एशिया कूटनीति के तहत अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक के रामल्ला का दौरा किया और फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की। इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत करने के बाद, ब्लिंकन ने जॉर्डन में अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि जब तक हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक कोई अस्थायी संघर्ष-विराम नहीं हो सकता। जबकि अमेरिका ने आम नागरिकों को राहत देने के लिए इजराइल से कुछ वक्त के लिए हमले रोकने की अपील की थी, लेकिन इजराइल का कहना है कि वह गाजा में हमास शासकों को कुचलने के लिए अपने हमले जारी रखेगा।

हमले को लेकर इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने कहा कि गाजा पट्टी में रह रहा हर व्यक्ति अपनी जान को खतरे में डाल रहा है। गाजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,700 हो गई है। इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें से अधिकतर लोगों की मौत सात अक्टूबर को हमास के शुरुआती हमलों में हुई। इन्हीं हमलों के बाद से यह युद्ध शुरू हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने कहा कि रविवार तड़के मध्य गाजा के मघाजी शरणार्थी शिविर पर हुए हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और 34 लोग घायल हो गए। रिहाइशी इलाके में बनाया गया यह शिविर उस निकासी क्षेत्र में स्थित है, जहां इजराइल की सेना ने गाजा में फलस्तीनी नागरिकों से शरण लेने का आग्रह किया था

इधर फलस्तीनी 'रेड क्रिसेंट' बचाव सेवा ने कहा कि रविवार को एक अन्य हमले में गाजा शहर में अल-कुद्स अस्पताल के पास एक इमारत ध्वस्त हो गई। उसने एक वीडियो भी साझा किया,



जिसमें चिकित्साकर्मी एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाते नजर आ रहे हैं और एक महिला एवं बच्चे उसके पीछे दौड़ रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल-हमास युद्ध में हजारों फलस्तीनी नागरिकों की मौत की निंदा कर रहे अरब नेताओं ने शनिवार को तत्काल संघर्ष-विराम पर जोर दिया।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मध्यप्रदेश में बसपा सुप्रीमों मायावती की चुनावी सभाएं

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे वहां विभिन्न चुनावी समाओं को संबोधित करने जा रही हैं। मध्य प्रदेश में बसपा सुप्रीमो अशोकनगर जिले और निवाड़ी जिले में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए जनता को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में जुट गईं हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव होना है और मतदान की मतगणना 3 दिसंबर को होनी है। इस चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। सभी दल इस विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना चाहते है। इसी के मद्देनजर बसपा सुप्रीमो मायावती मध्यप्रदेश में दो दिनों तक चुनावी प्रचार करेंगी। मध्य प्रदेश में मायावती अपनी पार्टी एवं गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभा करेंगी।



## सचिन जिंदगी है लेकिन विराट कोहली मेरी पसंद : सीमा हैदर

**-वल्ड कप में रविवार को हुई भारत की जीत के बाद विराट को बताया हीरो**

ग्रेटर नोएडा । पाकिस्तान से भारत आईं सीमा हैदर ने रविवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए मैच में भारत की जीत के बाद टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपना हीरो बताया है। सीमा हैदर ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि सचिन उसकी जिंदगी है तो विराट उसकी खास पसंद है। उसे अब नया घर मिल गया है और अब उसे खास मेहमान का इंतजार है। सीमा हैदर ने आगे बताया कि वो विराट कोहली को बहुत पसंद करती है और उनकी तस्वीर को अपने कमरे में सजा कर रखती है। अब उसे बस विराट कोहली से मुलाकात का इंतजार है। मिली जानकारी के मुताबिक, सीमा हैदर से कमरे में विराट कोहली को दिन-रात देखने पर पूछा तो सचिन को इससे जलन नहीं होती। इस पर सीमा ने जवाब देते हुए कहा कि सचिन उसकी जिंदगी हैं जबकि विराट कोहली को वो पसंद करती है। सीमा हैदर के पास एक कॉफी का कप भी है जिस पर विरोट कोहली की फोटी बनी हुई है। सीमा हैदर ने आगे कहा कि ना सिर्फ वो बल्कि उसका पति सचिन मीणा भी विराट कोहली को पसंद करता है। वहीं सचिन से जब क्रिकेट वर्ल्ड कप में विराट के प्रदर्शन को लेकर सवाल पूछ गया तो उन्होंने कहा कि वो खुद भी विराट कोहली के फैन हैं इसलिए अगर उनकी पत्नी विराट को पसंद करती है तो इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। यूपी के जौनपुर जिले में यातायात विभाग ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है और इसी क्रम में रविवार को दो नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर अभिभावकों पर 25-25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। यातायात निरीक्षक जी डी शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा गत दिवस सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नाबालिगों द्वारा सड़कों पर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उनके अभिभावकों पर 25000 का जुर्माना लगाए जाने के आदेश दिये गये थे।

## दंतेवाड़ा में हथगोला फटने से बीएसएफ के एक जवान की मौत

दंतेवाड़ा । छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हथगोला फटने से बीएसएफ के एक जवान की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में विधानसभा चुनाव ड्यूटी पर गए हिमाचल प्रदेश के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान की हथगोला फटने से मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कटेकल्याण थाना परिसर में हथगोला फटने से बीएसएफ के हवलदार बलबीर चंद की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि कटेकल्याण थाना परिसर में विधानसभा चुनाव के लिए रुके बीएसएफ के 70वीं बटालियन के जवान जब गश्त के लिए रवाना हो रहे थे तो हिमाचल प्रदेश के निवासी बलबीर चंद के पाऊच में रखा हथगोला फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद घायल जवान को दंतेवाड़ा शहर के जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना को लेकर मृतक जवान के परिवार के सदस्यों तक सूचना पहुंचा दी गई है।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को पड़ा दिल का दौरा, इलाज जारी

मुंबई । महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधान परिषद सदस्य एकनाथ खडसे को अचानक दिल का दौरा पड़ा है। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। राकांपा की नेता एवं सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को यह जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह एकनाथ खडसे की बेटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रोहिणी खडसे के संपर्क में हैं। इससे पहले, रोहिणी खडसे ने अपनी एक पोस्ट में कहा था कि उनके पिता को जलगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, क्योंकि वह पिछले दो दिनों से अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। रोहिणी खडसे ने कहा कि सावधानी बरतने के लिए उनके पिता को मुंबई के एक अस्पताल में ले जाया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा कि अब चिंता की कोई बात नहीं है। गौरतलब है कि खडसे 2020 में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर राकांपा में शामिल हो गए थे। वह 2022 में राज्य विधान परिषद के लिए सदस्य भी चुने गए।

## केजरीवाल ने सरकारी कर्मचारियों को दिया 7-7 हजार रुपए का दीवाली बोनस

नई दिल्ली । दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिवाली बोनस देनें की घोषणा की है। मिली जानकारी के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी कर्मचारियों को 7-7 हजार रुपये का तोहफा दिया है। सीएम केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली सरकार के ग्रुप बी गैर-राजपत्रित और ग्रुप सी कर्मचारियों के लिए यह बोनस की घोषणा की है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 80,000 कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने के लिए 56 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली सरकार के ग्रुप बी गैर-राजपत्रित और ग्रुप सी कर्मचारियों को बोनस के रूप में 7,000 रुपए देंगे। वर्तमान में लगभग 80,000 ग्रुप बी गैर-राजपत्रित और ग्रुप सी कर्मचारी दिल्ली सरकार के साथ काम कर रहे हैं। इस प्रकार से इस बोनस देने में कुल 56,000 करोड़ रुपए खर्च का खर्च आएगा। वहीं, दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण के कारण प्राथमिक स्कूलों में छुट्टियां 10 नवम्बर तक बढ़ा दी है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार सुबह सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि छठी से बारहवीं की कक्षाएं भी ऑन लाइन लगाने के स्कूल प्रबंधनों को विकल्प दिया गया है। हालांकि दिल्ली सरकार ने पहले 5 नवम्बर तक प्राथमिक स्कूलों में अवकाश घोषित किया था। अब लेकिन ग्रेप-4 की पाबंदियों में स्कूल बंद रखकर कक्षाएं ऑन लाइन ही चलाने का प्रावधान किया गया है।

## नकली हीरे ने छीनी असली हीरे की चमक

## - मजदूरों की रोजी-रोटी खतरे में

सूरत । सूरत के उपनगर कटार गांव में हीरा तरासने के कई कारखाने हैं। लेकिन इस बार हीरा के कारखाने में काम करने वाले कारीगरों की दीवाली फीकी होने वाली है। हीरे के तरासने का काम बहुत कम हो गया है। मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। जिसका असर कारीगरों पर दीपावली के अवसर पर देखने को मिल रहा है। हीरा तरासने के काम में लगे मजदूरों का कहना है, कि पहले इसमें 10000 से लेकर 25000 रूपये प्रतिमाह तक की कमाई हो जाती थी। लेकिन अब हीरा तरासने का काम काफी कम हो गया है। नकली हीरे की चमक बाजार में बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। जिसके कारण असली हीरों का कारोबार दिनों दिन काम होता जा रहा है। पहले कुशल कारीगर एक माह में 200000 रूपये तक की कमाई कर लेते थे। अब उन्हें 25000 रूपये भी प्रतिमाह नहीं मिल पा रहे हैं। असली हीरे की मांग 75 फीसदी तक घट गई है। 15 दिसंबर तक के लिए उद्योग ने कच्चे हीरे का आयात रोक दिया है। जिसके कारण हीरा तरासने वाले कारीगरों को कम नहीं मिल पा रहा है।

# एमपी में अखिलेश ने कहा- बीजेपी, कांग्रेस दोनों दल जातिगत जनगणना के पक्षधर

**-टीकमगढ़ के जतारा की जनसभा में किया 3000 रुपए हर माह समाजवादी पेंशन का वादा**

**टीकमगढ़ (एजेंसी)।** एमपी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी व कांग्रेस दोनों ही दल जातिगत जनगणना के पक्षधर हो गए हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने दावा किया कि कांग्रेस ने अतीत में जातिगत जनगणना और मंडल आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन रोक दिया था। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी आज इसी तरह का रुख अपना रही है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जतारा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा के दौरान अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा चुनावों में पीडीए यानी पिछड़ा वर्ग, दलितों और आदिवासियों को लुभाने के लिए जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रहे हैं, क्योंकि दोनों दलों को इन तबकों की ताकत का अहसास हो चुका है। उन्होंने कहा, कि देश में जातिगत जनगणना और मंडल आयोग की सिफारिशों को किसी पार्टी ने रोका, तो वह कांग्रेस है। अब उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है।

अखिलेश ने कहा कि जातिगत जनगणना का जो सवाल उठा है, उसका चमत्कार ही है कि अब कांग्रेस कह रही है कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। वहीं, भाजपा जो पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ रही है, वह भी आज जातिगत जनगणना की बात कर रही है। चुनाव आ गया है, इसलिए पीडीए की ताकत को दोनों दल समझ गए हैं। सपा प्रमुख ने मप्र विधानसभा चुनावों के लिए जारी पार्टी के घोषणापत्र के हवाले से कहा कि उनकी पार्टी जातिगत जनगणना, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और महिलाओं के लिए मध्य प्रदेश सरकार की 'लाड़ली बहना योजना से बेहतर 'समाजवादी पेंशन योजना का संकल्प व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि 'समाजवादी पेंशन योजना के तहत हितग्राहियों को हर माह 3,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।




केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना करते हुए अखिलेश ने दावा किया कि 'अग्निवीर योजना के तहत सशस्त्र बलों में भर्ती होने वाले युवाओं को कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान पर शहीद का दर्जा और वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या वह सरकार जो सैनिकों के लिए ऐसे आधे-अधूरे प्रावधान करती है, उसे 'राष्ट्रवादी कहा जा सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में महिलाओं पर देशभर में सबसे ज्यादा अत्याचार होते हैं, वहीं दलितों और आदिवासियों के उत्पीड़न की स्थिति भी गंभीर है। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि लोगों को उस कथित प्रलोभन के बारे में पता ही नहीं है, जो मार्च 2020 में कमलनाथ की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार के पतन और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार की वापसी का कारण बना।

## एल्विश यादव ने मेनका गांधी पर मानहानि का केस करने की दी धमकी

नोएडा । यू-ट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी के विजेता एल्विश यादव ने मानहानि का केस करने की धमकी दी है। मिली जानकारी के अनुसार उन्होने यह धमकी भाजपा सांसद मेनका गांधी के खिलाफ दी है। बता दें कि एल्विश यादव पर सांपों की तस्करी का आरोप है। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। वहीं मामले में एल्विश यादव के शामिल होने की खबर वायरल होने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद मेनका गांधी ने एक बयान जारी कर रेव पार्टी भंडाफोड़ मामले में एल्विश यादव की गिरफ्तारी की मांग की। वीडियो में मेनका गांधी ने खुलासा किया कि उनके एनजीओ के लोग एल्विश यादव पर कुछ समय से नजर रख रहे थे। क्योंकि वह अपने वीडियो में जहरीले सांपों का इस्तेमाल करता था। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग टीआरपी के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मेनका के इस बयान के सामने आने के बाद एल्विश ने एक ट्वीट कर बताया कि मेनका गांधी को माफी मांगने के लिए कहा।

एल्विश ने कहा कि उन पर आरोप लगाने के लिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि वह इसमें शामिल नहीं हैं। वहीं अब हाल ही में एल्विश यादव ने अपना एक नया व्लॉग शेयर किया है जिसमें उन्होंने मेनका गांधी पर बात की है साथ ही ये भी बताया है कि उन्हें इन सब में फंसाया जा रहा है। वीडियो में एल्विश ने कहा ?कि मुझ पर इल्जाम लगाया जा रहा है, मेनका गांधी जी ने मुझे सप्लायर का मुखिया बना दिया। एक मानहानि का केस आएगा भाई, ऐसा नहीं छोड़ने वाला मैं। हल्के में तो छोड़ता ही नहीं मैं। अब मैं हो गया हूं इन चीजों में एक्टिव। पहले मैं सोचता था कि टाइम बर्बाद नहीं करता। लेकिन जब इमेज खराब होती है।'

# एल्विश यादव का मामला: नोएडा के कई पुलिसवालों पर लटकी तलवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सांपों का जहर और विदेशी लड़कियां सप्लाई करने के आरोपों से घिरे बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज होने और मामले के तूल पकड़ने के बाद नोएडा सेक्टर-49 थाना प्रभारी संदीप चौधरी को रविवार शाम को लाइन हाजिर कर दिया गया। अन्य पुलिसकर्मियों पर भी जल्द गाज गिरने की आशंका है। एल्विश पर रेव पार्टी आयोजित करने, उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने और विदेशी लड़कियां उपलब्ध कराने के आरोप में केस दर्ज हुआ था।



पूरे मामले में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है। दरअसल एक दिन पूर्व एल्विश यादव को राजस्थान में पुलिस ने पकड़ने के बाद नोएडा पुलिस से संपर्क किया, लेकिन नोएडा पुलिस ने तब उसके मामले में जांच होने की बात कहते हुए उसे वॉन्टेड मानने से इनकार कर दिया। नोएडा पुलिस की इस रवैए के बाद एल्विश को राजस्थान पुलिस ने छोड़ दिया था और यह मामला भी खासा सुर्खियों में रहा। इसके बाद से ही इस प्रकरण में पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ एल्विश यादव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, नाम के साथ बदनामी भी आती है, जलने वाले भी बढ़ते हैं। मैं हैरान नहीं होऊंगा कि आने वाले टाइम में मुझ पर और भी इल्जाम लगेंगे। मुझे भगवान पर पूरा भरोसा है। श्री राम पर भरोसा है। ये टाइम भी जल्दी बीतेगा।

मामला हाईप्रोफाइल हो जाने के बाद पुलिस संभल-संभल कर कदम आगे बढ़ा रही है। पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) सदस्य के दावे भर से एल्विश के खिलाफ केस तो दर्ज कर लिया गया पर अभी तक की जांच में यूट्यूबर का मामले से सीधा संबंध निकल कर सामने नहीं आया है। नोएडा पुलिस का कहना है कि उसने अभी तक न तो एल्विश को क्लीनचिट दी है और न ही उसे आरोपी माना है। अपर पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था आनन्द कुलकर्णी का कहना है कि लाइन हाजिर की कार्रवाई क्षेत्र में अपराध पर अंकुश न लगा पाने और विवेचना में लापरवाही बरतने के मामले में हुई है। चर्चित यूट्यूबर एल्विश और जेल भेजे गए आरोपी राहुल के बीच का कनेक्शन जोड़ने में नोएडा पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

सूरजपुर कोर्ट के वरिष्ठ वकील देवेंद्र राहुल ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत किए गए अपराध में तीन से सात साल तक की सजा है। इसमें गिरफ्तारी नहीं हो सकती। अगर पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी की जाती है तो उसे कोर्ट को कारण बताना होगा। एल्विश के मामले में अभी तक पुलिस के पास ऐसा कोई कारण नहीं मिला है, जिसमें पुलिस उसकी गिरफ्तारी कर सके। इस मामले में एल्विश की गिरफ्तारी होगी या सिर्फ नोटिस की कार्रवाई कर मामले को क्लोज कर दिया जाएगा। इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि अगर आवश्यकता हुई तो एल्विश से संपर्क कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## घातक एक्यूआई पर नियंत्रण के लिए प्रतिबंधित कार्रवाई शुरु

**-पराली जलाने से बढ़े प्रदूषण को लेकर परस्पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 485 रहा, जबकि एनसीआर के गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा शहरों में यह 400 के आसपास बना हुआ है। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रैप 4 की पाबंदियों के तहत दूसरे राज्यों से आने वाले डीजल ट्रकों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा बीएस-4 और बीएस-3 की डीजल कारों पर भी पाबंदी लगाई गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि दिल्ली के बढ़ते प्रदूषणस्तर के लिए पंजाब की पराली से ज्यादा हरियाणा और पश्चिम उत्तरप्रदेश में जलने वाली पराली जिम्मेदार हैं। उधर इस बयान पर भाजपा के नेता प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण में विफलता का आरोप लगाया । प्राप्त आंकड़ो के अनुसार रविवार को पंजाब में पराली जलाने की 3,230 घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा पूरे सीजन में यह आंकड़ा 17,403 तक पहुंच गया है। जबकि हरियाणा में रविवार को पराली जलाने की 109 घटनाएं सामने आई हैं, जबकि पूरे सीजन में यहां पराली जलाने की घटनाएं 1500 से ज्यादा रही हैं।

उधर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का कहना है कि वह पराली जलाने वाले किसानों के चालान काट रही है। हरियाणा के 18 शहरों में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है, लेकिन राज्य सरकार का कहना है कि इसके लिए पंजाब जिम्मेदार है। जहां पराली जलाने की घटनाएं अधिक हो रही हैं। पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर डेटा के मुताबिक राज्य में इस सीजन में पराली जलाने की 17 हजार से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। बीते साल की तुलना में यह आंकड़ा भले कम है, लेकिन हरियाणा के मुकाबले काफी ज्यादा है। हरियाणा के 1500 केसों के मुताबिक यह 10 गुना से भी ज्यादा अधिक हुआ। आंकड़े बताते है कि पंजाब में पराली जलाने की कुल घटनाओं में से 56 फीसदी अकेले नवंबर के ही पहले 5 दिनों में हो चुकी हैं।

## सम्मान छोड़ हम केजरीवाल के साथ खड़े हैं : संदीप दीक्षित

**-चुनाव प्रचार में इंडिया सहयोगी आप नेता के आरोप से आहत कांग्रेस नेता का छलका दर्द?**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन में 28 दलों के शामिल होने के बावजूद कांग्रेस के विरुद्ध दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की बयानबाजी जारी हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान केजरीवाल भारतीय जनता पार्टी सहित कांग्रेस को भी भला-बुरा कह रहे हैं। इसे लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल करने का विरोध कर चुके दिल्ली कांग्रेस के बड़े नेता संदीप दीक्षित ने फिर से आम आदमी पार्टी की वफादारी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना सम्मान छोड़कर आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी है।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने रविवार को छत्तीसगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रोड शो करते हुए कहा कि दिल्ली में भी पहले दो पार्टियां थीं। दोनों पार्टियों ने गदर मचा रखा था। दोनों पार्टियों में सेटिंग थी 5 साल तुम लूटो 5 साल हम लूटेंगे। जनता दुखी थी, लेकिन विकल्प नहीं था। एक बार इससे नाराज होते थे तो एक बार दूसरे को वोट देते थे। फिर ऊपर वाले के चमत्कार से आम आदमी पार्टी आई। उनकी कार्यशैली से दिल्ली वासियों ने एक बार फिर इन दोनों पार्टियों को दरकिनार कर आम आदमी पार्टी को जनादेश दिया।

केजरीवाल के भाषण को शेयर करते हुए संदीप दीक्षित ने अपनी पार्टी को आत्मसम्मान की याद दिलाई। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी कांग्रेस को अब तो कुछ अहसास होगा इस दोगले की वफादारी का। आत्म सम्मान से बड़ी कोई चीज नहीं, और अपने सम्मान को छोड़ हम केजरीवाल के साथ खड़े हैं। संदीप दीक्षित इससे पहले भी कई बार अपनी पार्टी को सलाह दे चुके हैं कि केजरीवाल और उनकी पार्टी से गठबंधन न किया जाए। उन्होंने सोनिया गांधी और राजीव गांधी को लेकर केजरीवाल की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए उनका विरोध किया था।

## अजीत पवार को मुख्यमंत्री के रुप में देखना चाहती है उनकी मॉं

**-ग्राम पंचायतो में संपन्न मतदान की मतगणना जारी**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में रविवार को संपन्न 2,369 ग्राम पंचायतों के मतदान की गणना 6 नवंबर को हो रही है। इस चुनाव में पवार परिवार का गढ़ बारामती की काटेवाड़ी ग्राम पंचायत भी शामिल है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत और भाजपा-शिवसेना सरकार से हाथ मिलाने के बाद राज्य में यह पहला चुनाव है, इसलिए इसे अजित पवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है। इस दौरान मतदान करने पहुंची अजीत पवार की मां आशा पवार ने अपने पुत्र को राज्य का मुख्यमंत्री बनाये जाने की इच्छा व्यक्त की। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारे में एक बार फिर अजित पवार के मुख्यमंत्री पद की चर्चा शुरू होने की संभावना है। अजित पवार के सीएम बनने की संभावनाओं को लेकर मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल पर 84 वर्षीय आशा देवी ने कहा कि बारामती में हर कोई उनसे प्यार करता है साथ ही, एक मां होने के नाते, मुझे लगता है कि पुत्र अजीत पवार को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। मैं अभी 84 साल की हूं और दूसरों की तरह, मैं भी अपने रहते हुए अजित पवार को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहूंगी।



गौरतलब है कि राज्य में रविवार को 2,068 ग्राम पंचायतों से ग्राम पंचायत सदस्यों के 2,950 पदों और सीधे निर्वाचित 130 सरपंच के पदों के लिए वोट डाले गए। इन पदों पर रिक्तियां अयोग्यता, मृत्यु, इस्तीफे आदि के कारण हुई थी। पंचायतों के चुनाव में पवार परिवार का गढ़ बारामती की काटेवाड़ी ग्राम पंचायत भी शामिल है। महाराष्ट्र में ग्राम पंचायत चुनाव विशिष्ट चुनाव प्रतीकों के तहत नहीं लड़े जाते हैं। लेकिन फिर भी, वे बहुत अहमयित रखते हैं, खासकर पार्टियों और स्थानीय नेतृत्व के बीच तीव्र राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देखी जाती है जहां स्थानीय स्तर पर गठबंधन बनते और टूटते हैं। एनसीपी में 2 जुलाई को उस समय टूट हो गई थी जब अजित पवार और आठ विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए। इसके बाद पार्टी के संस्थापक शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह ने उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की हैं जिन पर अभी फैसला नहीं आया है।

## 8 तीव्रता वाले भूकंप की भविष्यवाणी को लेकर सतर्कता

नई दिल्ली (ईएमएस)। नेपाल में तीस घण्टे में तीन भूकम्प के मद्देनजर ??विशेषज्ञों ने लोगों से सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है क्योंकि नेपाल में केंद्रीय बेल्ट को सक्रिय रूप से ऊर्जा जारी करने वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी में काम कर चुके भूकंपविज्ञानी अजय पॉल ने कहा कि शुक्रवार को आए भूकंप का केंद्र नेपाल के डोटी जिले के करीब के क्षेत्र में था। उन्होंनेद्द कहा कि तीन अक्टूबर को नेपाल में श्रृंखलाबद्ध भूकंप भी इसी क्षेत्र के आसपास थी।

वैज्ञानिकों के अनुसार, भारतीय टेक्टोनिक प्लेट उत्तर की ओर बढ़ने से यूरेशियन प्लेट के साथ संघर्ष पैदा हो रहा इससे हिमालय के नीचे दबाव बन रहा है। लगभग 40-50 मिलियन वर्ष पहले जब भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट से टकराने के लिए हिंद महासागर से उत्तर की ओर बढ़ी तो हिमालय का निर्माण हुआ। यह दबाव संभवत: एक या कई बड़े भूकंपों के माध्यम से जारी होगा, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर आठ से अधिक होगी। हालाँकि, इसे लेकर सटीक भविष्यवाणी करने का कोई प्रणाली नहीं है।

# महादेव एप के बहाने असम के सीएम विस्वा ने सीएम भूपेश पर साधा निशाना

**रायपुर (एजेंसी)।** राजनीति में जब आरोप लगते हैं तो चौतरफा घेराबंदी भी शुरु हो जाती है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव एप को लेकर आरोप लगे हैं। उन पर चौरफा हमले भी शुरु हो गए है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा ने महादेव एप के जरिए सीएम बघेल पर जमकर निशाना साधा है, उन्होंने यहां तक कहा कि मां कामाख्या देवी उन्हे कभी माफ नहीं करेगी। मंगलवार को छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग होनी है। इसके लिए सारी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। चुनाव प्रचार थमसे से एक दिन पहले यानी रविवार को भारतीय जनता पार्टी कई दिग्गज नेता छत्तीसगढ़ में मौजूद रहे। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा ने एक जनसभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला बोला है।

सीएम सरमा ने अपने संबोधन में कहा कि मां कामाख्या आज रो रही हैं कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने महादेव के नाम पर घोटाला किया। सीएम सरमा ने कहा, कांग्रेस ने महादेव के नाम पर भ्रष्टाचार करके मां कामाख्या को बहुत क्रोधित किया है। मां ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगी। कोई पैसे लूटने के लिए महादेव के नाम का इस्तेमाल कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा कि कोई सोच भी कैसे सकता है कि महादेव के नाम पर कोई पैसे लूटेगा। मां कामाख्या देवी, मां पार्वती का स्वरूप हैं। मैं पार्वती महादेव की पत्नी हैं। इस खबर के सामने आने के बाद से मां कामाख्या दुखी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सीएम पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि महादेव के नाम पर बघेल ने पैसा लूटने का काम किया है। कोई ये सोच भी नहीं सकता कि महादेव के नाम पर ऐप बनाकर कोई भ्रष्टाचार करेगा।

इसके बाद भूपेश बघेल ने भाजपा पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, आखिरकार केंद्र सरकार को होश आया और उसने 'महादेव ऐप' पर बैन लगाने का फ़ैसला किया। मैं कई महीनों से सवाल पूछ रहा हूं कि सट्टा खिलाने वाले इस ऐप पर केंद्र सरकार बंद क्यों नहीं रही है। मैंने तो यहां तक कहा था कि शायद 28 प्रतिशत जीएसटी के लालच में प्रतिबंध नहीं लग रहा है या फिर भाजपा का ऐप संचालकों से लेन-देन हो गया है। उन्होंने आगे कहा, आश्चर्य है कि ईडी महीनों से इस मामले की जांच कर रही है और फिर भी ऐप का संचालन लगातार होता रहा। अब केंद्र सरकार को होश आ ही गया है तो अच्छा है कि इस ऐप के संचालकों को भी दुबई से यथाशीघ्र गिरफ़्तार कर भारत लाया जाए. छत्तीसगढ़ पुलिस ने ही सबसे पहले उनके खिलाफ़ लुक-आउट नोटिस जारी किया था।




स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# डायमंड बुर्स बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट ऑफिस हब : मुख्यमंत्री

## सूरत के खजोद में साकार हुई राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजना 'सूरत डायमंड बर्से' का दौरा किया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने सूरत के खजोद में साकार हुई राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजना 'सूरत डायमंड बर्से' का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने सूरत ड्रीम सिटी परियोजना की प्रगति का विवरण प्राप्त करने के लिए यहां बुर्स कोर कमेटी के सदस्यों, सूरत महानगरपालिका और सूडा अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने 'सूरत डायमंड बुर्स' से संबंधित प्रेजेंटेशन भी देखा।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि सूरत का डायमंड बुर्स दुनिया का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट ऑफिस हब बनेगा। यहां विदेश से आए हीरा व्यापारियों को नया विश्वस्तरीय बिजनेस हब मिलेगा। इसका सीधा लाभ राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। राज्य सरकार ने सदैव उद्योगों को बढ़ावा देकर उद्योग अनुकूल दृष्टिकोण के साथ सकारात्मक रुख अपनाया है। डायमंड बुर्स के निर्माण के बाद सूरत में बड़े पैमाने पर हीरों की खरीद-फरोख्त होगी। उन्होंने विदेशों में हीरे के व्यापार में सूरत का नाम ऊंचे शिखर पर पहुंचने की बात कहते हुए सूरत के डायमंड बुर्स को प्रगति की ऊंचाइयों पर पहुंचाने की कामना की और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इसके लिए हमेशा मदद करेगी।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर आयुष ओक, मनपा आयुक्त शालिनी अग्रवाल, पुलिस आयुक्त अजय तोमर और सूरत डायमंड बुर्स के मथुरभाई सवाणी, सवजीभाई ढोलकिया, दिनेशभाई नावडिया, बुर्स समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# जीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जिज्ञासाबेन ओझा 'ग्रीन गार्जियन' पुरस्कार से सम्मानित

## डॉ. जिज्ञासाबेन ओझा ने 55,000 से अधिक पेड़ लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत : दक्षिण गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स ने समृद्धि, नानपुरा, सूरत में गुजरात राज्य स्तरीय वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं जल आपूर्ति विभाग मंत्री मुकेशभाई पटेल, गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जिज्ञासाबेन ओझा को 'ग्रीन गार्जियन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर चेम्बर के उपाध्यक्ष विजय मेवावाला ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा, 'ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण का संरक्षण अब बहुत जरूरी हो गया है. पर्यावरण को सुरक्षित रखना न केवल सरकार की जिम्मेदारी है बल्कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। अब लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और व्यवसाय-उद्यमी भी उस दिशा में परिपक्व सोच वाले हो गए हैं और उस दिशा में कदम उठा रहे हैं।

गुजरात के वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं जल आपूर्ति विभाग मंत्री मुकेशभाई पटेल ने कहा, 'पर्यावरण आज देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की समस्या है। देशभर में वायु प्रदूषण मापक यंत्र (सीईएमएस) पहली बार सूरत में लगाया गया। सूरत के भीतर, 400 कपड़ा उद्योग, 120 रासायनिक उद्योगों के साथ 7 सीईटीपी हैं। सूरत राज्य का एकमात्र शहर है जहां अधिकतम 7 सीईटीपी हैं। प्रदूषण के कारण नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक कुल पानी की मात्रा का केवल 40 प्रतिशत ही मिट्टी में रह जाएगा। इसे रोकने के विकल्प के तौर पर सीईटीपी के माध्यम से पानी का पुनर्चक्रण कर भूजल को बचाया जा सकता है। उन्होंने कपड़ा उद्योग से औद्योगिक कचरे से उत्पाद बनाने के लिए सूरत में पहल करने का भी आह्वान किया।

वृक्षारोपण और पर्यावरण बचाने के प्रयासों में जीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जिज्ञासाबेन ओझा के उल्लेखनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा मंत्री मुकेशभाई पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर और खुबसूरत एनजीओ द्वारा ग्रीन गार्जियन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'सूरतियों को प्रदूषण नियंत्रण के दायरे में ही अपना कारोबार करना होगा। जीपीसीबी के अन्य अधिकारियों और उद्योगपतियों ने भी प्रदूषण को दूर करने और वहां अमृतवन बनाने में मेरी मदद की है। डॉ. जिज्ञासाबेन ओझा ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान एक हजार से अधिक पेड़ लगाए हैं और 55,000 से अधिक पेड़ लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर चैंबर के पर्यावरण-प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुणाल शाह ने कहा कि भविष्य में रहने योग्य और व्यवसाय के लिए शहर का चयन कार्बन क्रेडिट और ग्रीन क्रेडिट के आधार पर तय किया जाएगा। अच्छे कार्बन क्रेडिट और ग्रीन क्रेडिट वाले शहर को पहले चुना जाएगा।

पूरे कार्यक्रम का संचालन चैंबर के पर्यावरण-प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सदस्य उमंग शाह ने किया। चैंबर की पर्यावरण-प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सह-अध्यक्ष हेतुल मेहता ने मंत्री मुकेशभाई पटेल के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जीतूभाई वखारिया, कमलभाई तुलस्यान, रचना ग्रुप के जेपी अग्रवाल, रवींद्र आर्य समेत सामाजिक संगठनों से जुड़े कई नेता शामिल हुए। अंत में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मंत्री निखिल मद्रासी ने सभी को धन्यवाद दिया।

# डायमंड बुर्स के उद्घाटन समारोह का पहला निमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को दिया गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

**17 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाथों सूरत डायमंड बुर्स के उद्घाटन होगा**

सूरत :सूरत डायमंड बुर्स का दौरा करते मुख्यमंत्री भुपेन्द्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने आज सोमवार 6 नवंबर को खजोद स्थित सूरत डायमंड बुर्स का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूरत डायमंड बुर्स न केवल सूरत बल्कि गुजरात के लिए भी गौरवपूर्ण दृश्य है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने सूरत डायमंड बुर्स के निर्माण और इसकी प्रबंधन प्रणाली की सराहना की। इस मौके पर मौजूद केंद्र और राज्य सरकार के स्थानीय अधिकारियों ने भी सूरत डायमंड बुर्स की भव्यता की सराहना की।

इस अवसर पर सूरत डायमंड बुर्स की प्रबंध समिति ने 17 दिसम्बर 2023 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयोजित सूरत डायमंड बुर्स के उद्घाटन समारोह के लिए पहला निमंत्रण पत्र राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल को दिया।

# अमरोली में मवेशी चराने वालों का हमला,मवेशी पकड़ने गई नगर निगम टीम से हाथापाई

## नगर निगम और पुलिस टीम के साथ बुरा व्यवहार करने पर 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

### नगर निगम की टीम से आवारा पशुओं को छुडाते पशुपालक

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में बेलगाम चरवाहों पशुपालकों द्वारा हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। तब अमरोली इलाके में नगर निगम की टीम पर हमला हुआ था। मवेशियों को पकड़ने गई नगर निगम की टीम से बहस के बाद मवेशियों को छुडा लिया गया। पुलिस काफिले के साथ भी चरवाहों द्वारा बदसलूकी की गई।



शहर में आवारा पशुओं द्वारा लोगों पर हमले की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नगर निगम के पशु दल द्वारा सड़क से मवेशियों को पकड़ा जाता है। फिर पशु मालिकों द्वारा पशुओं को मुक्त कराने के लिए काफी प्रयास किये जाते हैं। जिसमें चरवाहे संघर्ष करते हुए भी नजर आते हैं।

अमरोली इलाके में मवेशी पकड़ने गई नगर निगम की टीम पर एक चरवाहे ने हमला कर दिया। यह हमला नाथा भरवाड समेत एक गिरोह ने किया था। हाथापाई करने वाले मवेशियों को भी छुड़ा ले गया। चरवाहों द्वारा पुलिस के साथ भी बुरा व्यवहार किया गया। इसलिए पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में 'सूरत' युद्धपोत के शिखर का अनावरण

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

**सूरत का तट प्राचीन काल के गौरवशाली समुद्री व्यापार का गवाह है: मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल**

**भारतीय नौसेना ने सूरत की प्राचीन जहाज निर्माण विरासत के सम्मान में युद्धपोत शिखर का नाम 'सूरत' रखा**

सूरत :सोमवार को सूरत में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार की उपस्थिति में 'सूरत' युद्धपोत के शिखर का अनावरण किया गया। भारतीय नौसेना ने अपने अत्याधुनिक चौथे मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत के शिखर (प्रतीक चिह्न) का नाम 'सूरत' रखकर सूरत की प्राचीन जहाज निर्माण विरासत का सम्मान किया है।

गरिमामय और भव्य 'सूरत वॉरशिप क्रेस्ट' (प्रतीक चिन्ह) के अनावरण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना के नवीनतम वॉरशिप प्रोजेक्ट-बी के तहत अगली पीढ़ी के चार मिसाइल विध्वंसक तैयार किए गए हैं। जिसमें आज चौथे युद्धपोत का नाम 'सूरत' रखा गया है, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। यह पहली बार है कि किसी युद्धपोत का नाम गुजरात के किसी शहर के नाम पर रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने गुजरात के प्राचीन समुद्री व्यापार का जिक्र करते हुए कहा कि सूरत, लोथल, घोघा, भरूच कभी समुद्री व्यापार के महत्वपूर्ण केंद्र थे। एक समय में सूरत में चौर्यासी बंदरगाह कार्यरत थे। प्राचीन काल में सूरत ने विदेशों में समुद्री व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूरत का समुद्री तट प्राचीन काल के गौरवशाली समुद्री व्यापार का गवाह है और आज सूरत भविष्य के आधुनिक भारत के सूर्योदय का भी गवाह है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार ने कहा कि 16वीं से 18वीं शताब्दी के मध्यकाल के दौरान सूरत शहर जहाज निर्माण और समुद्री व्यापार का एक प्रमुख केंद्र था। युद्धपोत 'सूरत' का नाम गुजरात की आर्थिक राजधानी सूरत के जीवंत शहर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि सूरत अपने प्राचीन समृद्ध समुद्री इतिहास और जहाज निर्माण विरासत के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इस नौसैनिक कदम से सूरत और भारतीय नौसेना के बीच संबंध मजबूत होंगे। विश्वसनीय जवाबदेही बनाए रखना किसी भी सशस्त्र बल, विशेषकर नौसेना का काम है। नौसेना देश की सुरक्षा के साथ-साथ ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

फ्लैग ऑफिसर गुजरात नौसेना क्षेत्र कमांडर रियर एडमिरल अनिल जग्गी (गुजरात, दीव, दमन) ने मुख्यमंत्री सहित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत भाषण दिया और भारतीय नौसेना के सूरत क्रेस्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार और वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सूरत युद्धपोत की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने नौसेना के स्मारक स्तंभ पर भी हस्ताक्षर किये।




जहाज निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता और युद्धपोत 'सूरत' पर एक वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। नौसेना प्रमुख ने 'सूरत' युद्धपोत के मॉडल पर एक प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और नौसेना प्रमुख का नेवी बैंड द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा एवं रेल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शनाबेन जरदोश, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल (पश्चिमी नौसेना कमांडर) दिनेश कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्तमुख्य सचिव पंकज जोशी, कलेक्टर आयुष ओक, नगर निगम आयुक्त शालिनी अग्रवाल, आयुक्त पुलिस अजय कुमार तोमर, महापौर दक्षेश मावानी, पद्मश्री कनुभाई टेलर, गोविंदभाई ढोलकिया, पद्मश्री मथुरभाई सवानी, लालजीभाई पटेल और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।




# वराछा में वर्ल्ड कप मैच पर सट्टेबाजी रैकेट पकड़ा गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

## मोबाईल से मिले विभिन्न मास्टर आईडी में मिला 2.13 करोड़ का बैलेंस

सीआईडी क्राइम की सीआई सेल ने सूरत के मोटा वराछा में वीआईपी सर्कल से पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सहित विश्व कप मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले को पकड़कर 33,500 रूपये जब्त किए। जबकि प्रारंभिक जांच में मास्टर आईडी देने वाले की आईडी में 2.13 करोड़ का बैलेंस मिला हैं। यह जानकर पुलिस भी हैरान है।

गुजरात सीआईडी क्राइम के सीआई सेल से एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पीआई सुनील तारडे और पीएसआई अनिरुद्ध इशरानी की एक टीम ने हरेश रणछोड़ मकवाना ( निवासी माधवपार्क, उत्राण रेलवे स्टेशन के सामने) को वीआईपी सर्कल, मोटा वराछा के पास पंडित के पन्ना गल्ला से गिरफ्तार किया। उसके पास से दो मोबाइल फोन, एक मोपेड, नकद रु 3500 रूपये और नेपाली करेंसी मिली। पुलिस ने मोबाइल एप्लिकेशन www.pavanexch.com और www.galaxyexch99.com पर पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप मैचों पर सट्टा लगाने वाले हरेश के दोनों मोबाइलों की जांच की और पाया कि उसकी मास्टर आईडी में रूपये 1.90 करोड़ बेलेन्स था।

यह मास्टर आईडी किशन उर्फ ब्रिजेश उर्फ कानो सुदामा मनसुख मारवानिया (निवासी रघुनंदन अपार्टमेंट, यमुना चौक, मोटा वराछा और मूल निवासी नांदिया, जिला बटवा, जूनागढ़) ने प्राप्त की थी और उसकी आईडी में रु 2.13 करोड़ बेलेन्स था। इसके अलावा हरेश के दूसरे मोबाइल से www.urban999.com नाम के एप्लिकेशन में एक आईडी भी मिली और वह आईडी सोहेल हिंगोला ( निवासी. महुवा, भावनगर) से ली गई थी और उसमें रूपये. 2.66 लाख का बैलेंस होने की बात स्वीकारी। इसलिए पुलिस ने किशन उर्फ ब्रिजेश और सोहेल हिंगोला को वांछित घोषित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि किशन उर्फ ब्रिजेश से www.pavanexch.com एप्लीकेशन में हरेश की मास्टर आईडी में अलग-अलग नाम की आईडी से रु 5 लाख से रु 85 लाख तक का बैलेंस और सट्टे में जीत-हार और वित्तीय लेनदेन के व्हाट्सएप चैट अकाउंट भी मिले। पुलिस ने मोपेड, तीन लाख रूपये की नकदी और मोबाइल बरामद किया है। 33,500 रूपये जब्त किये गये हैं।

हरेश मकवाना को किशन मारवानिया से www.pavanexch.com के मास्टर उपयोगकर्ता और पासवर्ड मिले और जब पुलिस ने आईडी खोली तो उन्हें DJ1402 रूपये मिले। 85,00,000, बकाली8512 रु 20,00,000, DHADMA52 रु 10,00,000, THAN752 रु 20,00,000, मयूर 2073 रु 5,00,000, AKT4979 रु 20,00,000, पीएनबी824 रु 15,00,000, 1407230 रु 5,00,000 रूपये और टेलीग्राम8 की 10,00,000 रूपये की मास्टर आईडी मिली। जिसमें लाखों रूपये बकाया था।